

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-73 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 26 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## सेना प्रमुख द्विवेदी श्रीनगर पहुंचे एलओसी के मौजूदा हालात की ली जानकारी



श्रीनगर,(ए)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे। यहां सेना के कमांडर्स ने जनरल द्विवेदी को हालात और आतंकियों के खिलाफ सेना द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। सेना प्रमुख को एलओसी के मौजूदा हालात की भी जानकारी दी। बता दें शुक्रवार सुबह एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से कुछ जगहों गोलीबारी हुई। भारतीय सेना ने इसका जवाब भी दिया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आर्मी चीफ का यह दौरा काफी अहम है। भारतीय सेना प्रमुख यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर का यह दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वह महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर जाएंगे। आर्मी चीफ की इस विजिट में उन्हें आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है। जम्मू कश्मीर में तैनात भारतीय सेना के टॉप कमांडर्स आर्मी चीफ को सैन्य संरचनाओं की भी जानकारी देंगे। आर्मी चीफ कश्मीर घाटी और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों द्वारा किए गए आतंकवाद विरोधी उपायों की भी जानकारी ले रहे हैं। आर्मी चीफ की इस विजिट के दौरान सेना की 15 कोर के कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के अन्य कमांडर मौजूद थे। सेना प्रमुख अवंतीपोरा में विक्टर फोर्स के मुख्यालय का दौरा करेंगे।

### पहलगाम हमला : ब्रिटिश पीएम ने प्रधानमंत्री मोदी को किया फोन, कहा- भारत के लोगों के साथ खड़ा है यूके

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले की दुनियाभर में कड़ी निंदा हो रही है। विश्व के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर न सिर्फ हमले की निंदा कर रहे हैं बल्कि भारत के लिए अपना समर्थन भी जता रहे हैं। शुक्रवार को ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक स्कोफ ने पीएम मोदी से बात की। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारतीय धरती पर हुए जघन्य आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस बर्बर आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि ब्रिटेन इस दुखद घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है।



पुलवामा के पहलगाम आतंकी हमले के बाद विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवानों द्वारा एक स्थानीय व्यक्ति के घर पर तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर में तोड़ी जा रही आतंकियों की कमर, सेना ने मार गिराया लश्कर का बड़ा कमांडर



नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना एक्शन मोड में है। इस बीच सेना ने बंदीपोरा में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अल्ताफ लल्ली को मुठभेड़ में मार गिराया है। पहलगाम में हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों का स्कैच भी जारी किया गया है। पहलगाम अटैक की जिम्मेदारी भी लश्कर से जुड़े द रेजिस्टेंस फोर्स ने ली थी। बुधवार को आतंकवादियों ने 26 मासूम पर्यटकों को गोलियों से भून दिया था। 22 अप्रैल को हुए नरसंहार के बाद से ही घाटी में भारतीय सेना ने अभियान तेज कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुक्रवार को आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना सेना को मिली थी। इसके बाद जम्मू और कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर साझा तलाशी अभियान चलाया गया। लोकेशन का पता लगने के बाद आतंकियों के साथ लंबी मुठभेड़ भी हुई।

### पीएनबी बैंक से फ्रॉड करने वालों पर ईडी रेड, राजस्थान में 10 ठिकानों पर छापेमारी, 25 करोड़ का फर्जीवाड़ा उजागर

जयपुर (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार सुबह पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े 25 करोड़ रुपये के फ्रॉड मामले में बड़ी कार्रवाई की। जयपुर, बीकानेर, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर सहित राजस्थान के 10 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई। यह कार्रवाई श्रीगंगानगर निवासी अमनदीप चौधरी और उसके साथियों के खिलाफ की जा रही है, जिन पर बैंक से धोखाधड़ी कर लोन लेने और फिर उस धन का दुरुपयोग करने का आरोप है। ईडी सूत्रों के अनुसार अमनदीप चौधरी ने एक वेयरहाउस में रखे माल को गिरवी रखकर PNB से 25 करोड़ रुपए का लोन लिया। लेकिन बाद में उसने बैंक को बिना जानकारी दिए वह माल बाजार में बेच दिया। इस फर्जीवाड़े में अमनदीप की पत्नी सुनीता चौधरी और एक अन्य आरोपी ओम प्रकाश भी शामिल हैं। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर बैंक को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची और लोन की राशि का गलत इस्तेमाल किया।इस मामले की FIR वर्ष 2020 में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) द्वारा जोधपुर में दर्ज की गई थी। ईडी ने अब इस मामले को मनी लॉन्ड्रिंग की धारा के तहत जांच में लिया है। शुक्रवार को जयपुर में तीन, बीकानेर में दो और हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर में कुल पांच ठिकानों पर एक साथ रेड की गई।

## वक्फ कानून पर केंद्र सरकार का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, कहा- कानून पर पूरी तरह रोक नहीं लगा सकते




नई दिल्ली (ए)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का आग्रह किया। सरकार ने तर्क दिया है कि संसद द्वारा बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की परिकल्पना लागू होती है, इसलिए इस कानून पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन द्वारा दायर किए गए 1,332 पन्नों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में, सरकार ने विवादास्पद कानून का पुरजोर बचाव किया है। हलफनामे में कहा गया है कि चौंकाने वाली बात यह है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर (ठीक 20,92,072.536) से अधिक की वृद्धि हुई है। इसकी तुलना में मुगल काल से ठीक पहले, आजादी से पहले और आजादी के बाद के दौर में भारत में कुल 18,29,163.896 एकड़ जमीन वक्फ की थी। हलफनामे में पूर्व के प्रावधानों के दुरुपयोग का भी दावा किया गया है, जिनका इस्तेमाल निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए किया गया। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कानून में यह स्थापित स्थिति है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी और मामले पर अंतिम रूप से निर्णय लेंगी। सरकार ने जोर देकर कहा कि संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र में काम करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि वक्फ जैसी धार्मिक व्यवस्था का उचित प्रबंधन किया जाए और उसमें जताया गया भरोसा कायम रहे।हलफनामे में कहा गया है कि वक्फ कानून की वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं के प्रयास न्यायिक समीक्षा के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं।

### पहलगाम हमले के संदिग्ध आतंकी आदिल के घर में ब्लास्ट, दूसरे आतंकी के मकान पर चला बुलडोजर

पहलगाम (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शामिल आतंकी आसिफ शेख के घर विस्फोट होने की खबर सामने आई है। जबकि दूसरे संदिग्ध के घर को बुलडोर से गिराया गया है। दक्षिण कश्मीर के गुरी के एक गांव में सुरक्षा बलों ने चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान हुए विस्फोट से एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को कुछ संदिग्ध वस्तुएं दिखाई दीं। खतरे को भांपते हुए सुरक्षा बलों ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पीछे हट गए। हालांकि, पीछे हटने के कुछ ही देर बाद एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिससे घर को भारी नुकसान पहुंचा। बताया जा रहा है कि यह घर पहलगाम हमले में शामिल आतंकी आदिल का था।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं।

### इसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ. कस्तूरीरंगन का बेंगलुरु में निधन, 84 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

बेंगलुरु (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्णस्वामी कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। उन्होंने 84 वर्ष की आयु में बेंगलुरु



स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि उनका निधन सुबह करीब 10 बजे हुआ। रविवार को अंतिम संस्कार किए जाने से पहले, डॉ. कस्तूरीरंगन के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट में रखा जाएगा। डॉ. कस्तूरीरंगन इसरो के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले अध्यक्षों में से एक रहे। उन्होंने 10 वर्षों तक इसरो प्रमुख का पद संभाला। इसरो में अपने कार्यकाल के अलावा, डॉ. कस्तूरीरंगन ने सरकारी नीतियों के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने 27 अगस्त, 2003 को अपनी सेवानिवृत्ति से पहले नौ वर्षों से अधिक समय तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष, अंतरिक्ष आयोग के सदस्य और अंतरिक्ष विभाग में भारत सरकार के सचिव के रूप में कार्य किया।

## आपातकालीन चिकित्सा उपलब्ध कराने में प्रभावी पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*-जिलों में बेहतर विभागीय समन्वय सुनिचित किया जाए*

*-पीपीपी मोड पर उन्नत चिकित्सालयों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का करें विस्तार*

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हर जीवन अमूल्य है, आपातकालीन चिकित्सकीय परिस्थितियों में व्यक्ति को उन्नत स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सुविधा प्रदेश में आरंभ की गई है। इस सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार और जिला स्तर पर बेहतर विभागीय समन्वय से क्रियान्वयन आवश्यक है। ऐसे क्षेत्रों में जहां उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां पीपीपी मोड पर चिकित्सालय बनाने के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा योजना की वृहद समीक्षा की। उन्होंने योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग और विमानन विभाग की समन्वय पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि सेवाओं का बेहतर उपयोग



सुनिश्चित कर अमूल्य जीवन का संरक्षण किया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपातकालीन स्थितियों में जैसे सड़क दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा में, ट्रॉमा यूनिट और प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम को घटना स्थल तक एयर एम्बुलेंस द्वारा पहुंचाया जाना चाहिए। इसके साथ ही एयर एम्बुलेंस सेवा के बेहतर उपयोग के लिए सेंसिटिव क्षेत्रों में प्राथमिकता से आवश्यक लैंडिंग अधोसंरचना का विकास करने पर उन्होंने जोर दिया।




## राहुल गांधी श्रीनगर में घायलों से मिलकर बोले- आतंकवाद के खिलाफ सरकार को हमारा पूरा समर्थन

श्रीनगर,(ए)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में हुए घायलों से मुलाकात की। यहां उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार जो भी कार्रवाई करेगी, उसे वे और उनकी पार्टी पूरी तरह से समर्थन करेंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घायलों से मुलाकात कर उनसे हाल जाना और कहा, कि इस वक्त पूरा देश एकजुटता के साथ खड़ा है और हम आतंकवाद को हराने में सफल होंगे। राहुल ने आतंकी हमले में घायल हुए लोगों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा, यह देखकर बहुत दुख होता है कि कुछ लोग कश्मीर और देश के अन्य हिस्सों में मेरे भाइयों और बहनों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा यह वक्त एकजुटता दिखाने का है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को एकजुट होकर जीता जाएगा।

### एलजी और सीएम से की मुलाकात

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। इस बीच उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी और वे व्यक्तिगत रूप से राज्य के लोगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, कि मैं यहां यह जानने आया हूं कि क्या हो रहा है और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयानक आतंकी हमले की निंदा की है और आतंकवादियों के खिलाफ संपूर्ण देश ने समर्थन किया है। राहुल



गांधी ने विपक्ष की ओर से भी सरकार को समर्थन देने की बात की। उन्होंने कहा, कल हमने सरकार के साथ बैठक की और संयुक्त विपक्ष ने इस आतंकी हमले की निंदा की। हमने कहा कि सरकार जो भी कार्रवाई करना चाहती है, हम उसका समर्थन करेंगे।

### भाई से भाई को लड़वाने की साजिश

राहुल गांधी ने इस आतंकी हमले को समाज को बांटने और भाई को भाई से लड़वाने की साजिश करार दिया और कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हर एक भारतीय एकजुट हो, एक साथ खड़ा हो, ताकि हम आतंकवादियों को हरा सकें। उन्होंने कहा, आतंकी कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन हम उन्हें हरा देंगे।

### बागपत में अवैध हथियार फैक्ट्री का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार 739 हथियार और उपकरण बरामद

बागपत (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अवैध हथियारों की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। शहर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग एक बंद पड़े ईंट भट्टे में अवैध तरीके से हथियार तैयार कर रहे थे, जिन्हें आसपास के इलाकों में बेचकर मुनाफा कमा रहे थे। छापेमारी का ऑपरेशन: भट्टे में चल रहा था 'मौत का कारखाना'एसपी सूरज कुमार राय ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि पुलिस को चामरावल रोड स्थित बंद पड़े भट्टे पर अवैध हथियारों के निर्माण की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की, जहां पर एक गुप्त फैक्ट्री में हथियार बनाए जा रहे थे।गिरफ्तार अभियुक्त और उनकी पहचान :-सोहेल पुत्र मेहरबान - ग्राम पांची, जनपद बागपत, सिद्धार्थ उर्फ विष्ट पुत्र लोकेंद्र- राजपुर खानपुर, जनपद बागपत, अंकुर पुत्र देवेंद्र - हिलवाड़ी, जनपद बागपत, अनुज पुत्र विजेंद्र - बडौली, जनपद बागपत, सुनील पुत्र जयप्रकाश - तितरोदा, जनपद बागपत। इन सभी ने मिलकर एक संगठित गिरोह की तरह इस फैक्ट्री को संचालित किया और मांग के अनुसार अवैध तमंचे और पिस्टल बनाकर बेचते थे।





# आईटी सेक्टर में मध्यप्रदेश करेगा अपनी विशेष पहचान स्थापित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## आईटी पर केन्द्रित होगा प्रदेश का पहला सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव आईटी में प्रदेश के युवाओं की पहल सराहनीय



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान और भविष्य की तकनीक का आधार आईटी है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार करते हुए समय के साथ चलने के लिए आईटी सेक्टर में निवेश और गतिविधियों का विस्तार आवश्यक है। इसी उद्देश्य से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद पहली सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव आईटी पर केन्द्रित की जा रही है। प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में आईटी इंडस्ट्री का पर्याप्त आधार विद्यमान है। राज्य सरकार आवश्यक सहयोग और समर्थन उपलब्ध कराकर प्रदेश की आईटी इंडस्ट्री को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर तक व्यापक स्वरूप देने की इच्छुक है। इंदौर में 27 अप्रैल को होने वाली टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव इस दिशा में निश्चित ही परिणाममूलक रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में होने वाली आईटी कॉन्क्लेव के संबंध में विभिन्न जिलों के उद्योगपतियों से समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअली संवाद कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद में उद्योगपतियों ने आईटी पार्क के विस्तार की आवश्यकता बताई। साथ ही आईटी के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगपतियों ने दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा और औद्योगिक गतिविधियों में समन्वय, स्टार्ट-अप में उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने, प्राकृतिक गैस पर टैक्स कम करने और प्रदेश में स्टार्ट-अप कम्युनिटी के मध्य बेहतर समन्वय संबंधी चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद में वॉक-टू-वर्क सुविधा के साथ आईटी पार्क विकसित करने, प्रदेश में डिजिटल इकोनॉमी मिशन लागू करने और एआई आधारित गतिविधियों की अन्य उद्योगों में स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में कार्य करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों की पहल और नवाचार की सराहना करते हुए उन्हें गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया।

# राजधानी में रिश्ते हुए शर्मसार

***हैवान बने बेटे ने वृद्ध माँ के साथ चप्पल से की मारपीट, बहु ने बीमार ससूर को धक्का दिया***

भोपाल(ए)। शहर के बैरागढ़ थाना क्षेत्र में रिश्तो को शर्मसार करने वाली घटना प्रकाश में आई है। यहॉ एक रिटायर्ड महिला अधिकारी के साथ उसके बेटे ने चप्पल से मारपीट की। इतना ही नहीं आरोपी बेटे की पत्नि भी उन्हें मानसिक और शारीरिक रुप से प्रताड़ित करती है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी बेटा-बहू के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार सीआरपी कॉलोनी में रहने वाली उषा शर्मा पति महेश चंद्र शर्मा (69) तकनीकी शिक्षा रोजगार संचार न्यायालय से रिटायर्ड हैं। उनके पति महेश चंद्र शर्मा ब्रेन हेमरेज के मरीज है। जिस कारण उनके शरीर के कुछ हिस्से काम नहीं करते हैं। उषा शर्मा ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उनका बेटा कपिल शर्मा और बहू रेणु उर्फ रुपाली शर्मा उन्हें काफी प्रताड़ित करते है। उन्होनें बेटे कपिल शर्मा को कार दिलाई थी।

# एनडीआरएफ द्वारा जनजातीय छात्रावास में आपदा प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

**छात्रों को सर्पदंश, सीपीआर और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने का दिया प्रशिक्षण**




भोपाल( निप्र) । अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित भदभदा स्थित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय महाविद्यालय बालक छात्रावास में गुरुवार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 11वीं बटालियन द्वारा आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता निरीक्षक सत्यजीत सिंह ने की। इस अवसर पर एनडीआरएफ की प्रशिक्षित टीम ने छात्रावास के छात्रों और स्टाफ को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षकों द्वारा सर्पदंश, सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) और प्राथमिक उपचार की तकनीकों का अभ्यास कराया गया। कार्यशाला के दौरान बाढ़ और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए मॉक ड्रिल भी आयोजित की गई, जिससे छात्रों को वास्तविक आपदा की स्थिति में सही प्रतिक्रिया देने का व्यावहारिक अनुभव मिला। कार्यशाला में काउंसलिंग अधिकारी अमित कुमार अरजरिया ने उपस्थित छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने की प्रेरणा दी और बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के अंत में छात्रावास अधीक्षक संजय गौतम ने एनडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त किया और इस सहयोग के लिए उनका अभिनंदन किया।

# कांग्रेस ने अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए जाने की मांग उठाई

**-मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा**

भोपाल(आरएनएस)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी द्वारा भारत सरकार के केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह को एक पत्र प्रेषित किया गया है, जिसमें उन्होंने इस वर्ष जुलाई माह से प्रारंभ हो रही पवित्र अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षात्मक प्रबंध किए जाने की मांग की है।



त्रिपाठी ने पत्र में हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की ओर ध्यान आकर्षित किया है, जिसमें निर्दोष पर्यटकों पर पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा बर्बर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि इस दर्दनाक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है और श्रद्धालुओं तथा उनके परिवारजनों के मन में गहरा भय उत्पन्न हुआ है।विवेक ने अपने पत्र में पिछले वर्षों की आतंकी घटनाओं का भी उल्लेख किया, जिनमें उरी, अनंतनाग, पुलवामा, रियासी और हाल ही की पहलगाम की घटनाएं शामिल हैं। इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए त्रिपाठी ने भारत सरकार से अपील की है कि इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती, मार्ग की निगरानी, चिकित्सा सुविधा और संचार व्यवस्था जैसी आवश्यक तैयारियों को प्राथमिकता दी जाए।विशेष रूप से मध्यप्रदेश से अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु, उन्होंने राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर सशक्त योजना बनाए जाने की आवश्यकता जताई है। त्रिपाठी ने आशा व्यक्त की है कि भारत सरकार इस विषय को गंभीरता से लेकर श्रद्धालुओं को भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगी, जिससे वे श्रद्धा और आस्था से भरपूर इस पवित्र यात्रा को बिना किसी डर के संपन्न कर सकें।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर राजधानी में विरोध प्रदर्शन

## - मुस्लिम समाज ने काली पट्टी बांधकर आतंकवाद का पुतला जलाया

**आज आधे दिन बंद रहेगा भोपाल**



भोपाल(ए)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में आक्रोश फैला हुआ है। हैवानियत भरी इस कायराना हरकत की निंदा और विरोध करते हुए भोपाल में कई जगह प्रदर्शन किया गया। हमले को लेकर मुस्लिम समाज में भी गुस्सा फैला हुआ है, और मुस्लिम युवाओ सहित बच्चो और महिलॉओ द्वारा सड़को पर लगातार विरोध प्रदर्शन किये जा रहे है। शहर के इमामी गेट पर शुक्रवार को मुस्लिम समाज द्वारा काली पट्टी बांधकर आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए आतंकवाद का पुतला जलाया। इस दौरान मुस्तकीम कुरैशी ने कहा, कश्मीर की इंसानियत का कत्ल है। प्रधानमंत्री से हम यह कहना चाहते हैं, कि पाकिस्तान की बॉर्डर खोल दो और हिंदुस्तान के मुसलमान को बॉर्डर पर छोड़ दो, हम अपराधियो को पाकिस्तान में घुसकर खुद ही सजा देगें। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद किसी धर्म या देश का प्रतिनिधित्व नहीं करता और इसके अपराधियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि, काली पट्टी बांधकर हम यह संदेश दे रहे हैं कि हम आतंकवाद की घटना के खिलाफ हैं। पहलगाम में हुई घटना को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। आतंकवादियों को पकड़कर फांसी दी जानी चाहिए। हमले को लेकर मुस्लिम धर्म गुरु मौलाना सैय्यद अनस अली ने कहा की कुरान में अल्लाह फरमाता है कि जिसने एक इंसान का कत्ल किया उसने पूरी इंसानियत का कत्ल् किया। हमारे भारतीयों का खून बहाया गया है, यह दुख और शर्म की बात है। धर्म का नाम बदनाम किया जा रहा है। हम पाकिस्तान और आतंकवाद से बदला लेना चाहते हैं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भी हिस्सा लेते लिया। विरोध स्वरुप महिलाओ में काले कपड़े पहने वहीं बच्चे हाथो में काली पट्टी बांधकर पाकिस्तान के खिलाफ नारे लिखे बैनर थामे हुए थे। महिलाओं ने कहा कि हम अपने बच्चों को सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं, लेकिन पाकिस्तानी आतंकवाद हमारी शांति को खत्म कर रहा है। प्रदर्शन में शामिल समाजसेवी अनवर पठान ने कहा, यह हमला न सिर्फ कश्मीर पर, बल्कि पूरे भारत पर हमला है। हम सरकार से मांग करते हैं कि वह जल्द से जल्द इस मामले में कड़ी कार्रवाई करे। पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस आतंकवाद को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## विरोध में आज आधे दिन बंद रहेगा भोपाल

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) ने बंद के आह्वान पर 26 अप्रैल को भोपाल आधे दिन बंद रहेगा। इस फैसले का शहर के व्यापारिक संगठनों ने समर्थन किया है। सभी व्यापारिक संगठनों से सहमति के बाद शनिवार को आधे दिन राजधानी के बाजार बंद रखने का निर्णय लिया गया है। न्यू मार्केट व्यापारी संरक्षण समिति ने बंद के आह्वान का समर्थन किया है। पुराने भोपाल के कारोबारियों ने भी बंद का समर्थन करते हुए दुकानें आधे दिन तक बंद रखने का निर्णय लिया है। बंद के दौरान इमरजेंसी सेवा यानी, थोक दवा बाजार और मेडिकल स्टोर्स खुले रखे जाएंगे।

# किसानों के सब्र का इम्तिहान अब बंद हो, सरकार जिम्मेदारी ले, राहत दे!

**-टमाटर उत्पादक किसानों के लिए कांग्रेस की 05 मांग, तत्काल निर्णय ले मोहन सरकार : जीतू पटवारी**

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छतरपुर में टमाटर उत्पादक किसान फ़िर से संकट से गुजर रहे हैं! टमाटर का भाव 3 से 4 रुपये किलो तक गिर गया है, जिससे किसानों को न सिर्फ़ लागत से कम दाम मिल रहे हैं, बल्कि उन्हें सिंचाई तक रोकनी पड़ी है। खेतों में पकी हुई फ़सल को किसान अब सड़ा रहे हैं या मवेशियों को खिला रहे हैं। यदि सरकार ईमानदारी से पड़ताल करें तो इस तरह की स्थिति मध्य प्रदेश के मालवा, निमाड़ और बुंदेलखंड के कई जिलों में भी हो सकती है!



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि यह हालात प्राकृतिक आपदा के कारण नहीं, बल्कि सरकारी उदासीनता और नीतिगत विफलता का नतीजा हैं। छतरपुर के किसान आज ज़िंदा हैं, लेकिन उनकी उम्मीद मर रही है। मेहनत की फ़सल मिट्टी हो जाए और सरकार चुप रहे, ये अन्याय है। किसान कोई याचक नहीं, वह देश का अन्नदाता है। सरकार को तुरंत हस्तक्षेप करना होगा।

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि टमाटर से जुड़ा यह संकट भी नया नहीं है, यह मप्र के किसानों की प्रदेशव्यापी समस्या है। क्योंकि, टमाटर उत्पादकों के साथ मप्र में बार-बार सरकारी अन्याय हो रहा है! टीकमगढ़, पन्ना, निवाड़ी, दमोह, रतलाम, मंदसौर, धार सहित कई जिलों में किसान हर साल टमाटर उपजाते हैं, लेकिन उन्हें सही बाज़ार, मूल्य और संरक्षण नहीं मिल पाता! प्रोसेसिंग यूनिट्स नहीं होने के कारण किसानों को अपनी उपज सस्ते में बेचना या नष्ट करना पड़ता है! चिंताजनक यह है कि सरकार के पास न नीति है और न ही कोई भाव नियंत्रण योजना!

# जिला मलेरिया कार्यालय में हुआ शपथ कार्यक्रम



भोपाल (निप्र)। विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को संयुक्त संचालक डॉ. नीरा चौधरी ने जिला मलेरिया कार्यालय में उपस्थित समस्त टीम को मलेरिया जनजागरूकता हेतु शपथ दिलाई।इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर डॉ. सुरेश कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रांजल खरे, क्षेत्रीय समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया डॉ. संतोष भार्गव सहित मलेरिया कार्यालय से समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्व मलेरिया दिवस 2025 की थीम मलेरिया का अंत हमारे साथ, पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन है संयुक्त संचालक डॉ नीरा चौधरी ने कहा कि सभी की सहभागिता से भोपाल जिले को निश्चित रूप से मलेरिया मुक्त बनाना है, जिसमें आप सभी मिलकर कार्य करे।

# पूर्व महामंत्री के निधन पर दी श्रद्धांजलि

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को कटनी जिले के पूर्व जिला महामंत्री स्वर्गीय नवल गट्टानी के दुखद निधन पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की एवं परिजनों को ढांढस बंधाया। श्री शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ता स्वर्गीय मनोज कस्तवार व उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय डॉली कस्तवार के असामयिक निधन पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान पूर्व मंत्री व विधायक संजय पाठक, जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी एवं विधायक संदीप जायसवाल उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन पर जनजातीय छात्रावास में एक दिवसीय कार्यशाला

भोपाल (निप्र)। एनडीआरएफ द्वारा भदभदा स्थिति अनुसूचित जाति एवं जनजातीय महाविद्यालयीनबाल छात्रावास में आपदाप्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्राकृतिक आपदा के दौरानजीवनरक्षक, प्राथमिक उपचार एवं प्रबंधनपर केन्द्रित कार्यशाला में एनडीआरएफ के द्वारा छात्रों एवंस्टॉफ को आपदा संबंधी विभिन्न पहलूओं पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय आपदा राहत दलकी 11वीं बटालियन के निरीक्षकश्री सत्यजीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया।सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित इस छात्रावास के छात्रों को एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों द्वारा सर्पदंश, सीपीआर देने एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों को सीपीआर की प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत बाढ़ एवं भूकंप जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिये मॉकड्रिल के माध्यम से शेडो प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।



# सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समीति ने गैस पीड़ित बस्तियो का किया निरिक्षण

भोपाल(ए)। सुप्रीम कोर्ट के 30 अगस्त 2018 के आदेश के परिपालन संबध में शुक्रवार को यूनियन कार्बाइड के आस पास की 42 प्रदूषित मोहल्लों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निगरानी समिति के आदेश पर भोपाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनित अग्रवाल की अध्यक्षता में 19 मोहल्लों का निरीक्षण किया गया। गौरतलब हैं कि साल 2004 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कार्बाइड कारखाने के आस-पास के 14 मोहल्लो का भूजल में कार्बाइड के जहर (हैवी मेटल्स, पेस्टीसिड्स और पर्सिस्टें आर्गेनिक पोलूटेंट्स) मिलने के बाद इन सभी मोहल्लो में पाइप लाइन से साफ पानी उपलब्श कराने के आदेश दिये थे। भोपाल ग्रुप फॉर इनफार्मेशन एन्ड एक्शन की रचना ढिंगरा ने जानकारी देते हुए बताया की साल 2012 में आईआईटीआर (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टॉक्सीकॉलिजिकल रिसर्च) द्वारा इन 14 बस्तियों के अलावा 8 और मोहल्लो का पानी कार्बाइड के जहर से प्रदूषित पाया गया और साल 2018 की रिपोर्ट के अनुसार 20 अन्य मोहल्लों में भूजल प्रदूषण फैल गया। सुप्रीम कोर्ट ने सभी मोहल्लो में पाइप लाइन से साफ पानी उपलब्ध कराने, सीवेज का निर्माण करने और हर तीन महीने पर पानी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के आदेश 30 अगस्त 2018 को दिए थे। इन सभी पर निगरानी रखने के लिए मई 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने एक समिति गठित की जिसके अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन है, जो की एमपी हाई कोर्ट के जज है। समिति के सदस्य सचिव भी एमपीएलएसए के है।

# सिविल इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण होगा सुभाष नगर आरओबी का थर्ड लेग : मंत्री श्री सारंग

## सुभाष नगर आरओबी के थर्ड लेग का निर्माण जल्द होगा शुरू मंत्री श्री सारंग ने किया स्थल का निरीक्षण

भोपाल (निप्र)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को सुभाष नगर आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) के प्रस्तावित थर्ड लेग निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की रूपरेखा का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग (सेतु), नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ मार्ग का अवलोकन कर थर्ड लेग निर्माण में आने वाली संभावित बाधाओं की समीक्षा कर उन्हें दूर करने के भी निर्देश दिए।

**फ्लाई ओवर के ऊपर से होकर गुजरेगा फ्लाई ओवर का थर्ड लेग**

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि नरेला विधानसभा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से अब तक 10 फ्लाई ओवरों की सौगात दी है। विगत वर्ष बने सुभाष नगर आरओबी से 5 लाख नागरिकों को सुविधा मिल रही है। अब इसी आरओबी का विस्तार करते हुए इसका 'थर्ड लेग' तैयार किया जाएगा। यह फ्लाई ओवर, सुभाष नगर आरओबी के ऊपर से होकर गुजरेगा। थर्ड लेग से भेल क्षेत्र से आने-जाने वाले यात्रियों को एमपी नगर एवं न्यू भोपाल पहुँचने में और अधिक सुगमता होगी।



**सुभाष नगर थर्ड लेग होगा सिविल इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण**

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि यह थर्ड लेग तकनीकी दृष्टि से अत्यंत उन्नत होगा तथा सिविल इंजीनियरिंग का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा। यह फ्लाई ओवर, सुभाष नगर आरओबी के ऊपर से होकर गुजरेगा और अत्यंत आकर्षक डिज़ाइन के साथ कर्व लेते हुए निर्मित किया जाएगा। इसके निर्माण में लगभग 242 मीटर का स्पान शामिल होगा और इसकी अनुमानित लागत लगभग 22 करोड़ रूपये है। उन्होंने बताया कि थर्ड लेग की डिजाइन तैयार हो चुकी है और निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

**यातायात की सुगमता के लिए आवश्यक है फ्लाई ओवर का थर्ड लेग**

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि वर्तमान में भेल क्षेत्र की ओर से आने वाले यात्रियों को सुभाष नगर फ्लाई ओवर पर चढ़ने के लिए प्रभात चौराहा होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ता है।

थर्ड लेग के निर्माण से यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। अब भेल से आने वाले वाहन पुराने फ्लाई ओवर पर सीधे चढ़ सकेंगे। इसके साथ ही मैदा मिल और एमपी नगर की ओर से भेल क्षेत्र की ओर जाने वाले यात्रियों को भी अब प्रभात चौराहे का रूट नहीं लेना पड़ेगा और मैदा मिल की तरफ से थर्ड लेग से चढ़कर मोती नगर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि यह थर्ड लेग यात्रियों को सीधे और सुविधाजनक पहुंच उपलब्ध कराएगा, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था और अच्छी होगी।

**मंत्री श्री सारंग के निर्देश पर तैयार की गई है थर्ड लेग की डिजाइन**

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में ट्रैफिक सिस्टम को सुव्यवस्थित करने के लिए हमने एक ठोस कार्य योजना बनाई है, जिसका निरंतर विस्तार किया जा रहा है। यह थर्ड लेग ना सिर्फ यातायात सुविधा को बढ़ाएगा, बल्कि भोपाल शहर के बुनियादी ढांचे को भी एक नई ऊँचाई प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि थर्ड लेग की डिजाइन मंत्री श्री सारंग के निर्देश पर तैयार की गई है।

# जिले के 28 गांव में लगी आग, नपा ने 15 स्थानों पर फायर गाड़ी भेजकर आग पर काबू पाया



गुना (ए.) । विगत दिन गुना जिले के आसपास के लगभग 28 गांवों में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। इस दौरान नगर पालिका द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में फायर गाड़ी भेज कर 15 स्थानों पर आग बुझाई गई। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने बताया कि नगर पालिका द्वारा जिले में अधिकांश क्षेत्रों में आगजनी की घटना होंने पर फायर वाहन भेजे जाते हैं। बमोरी एवं म्याना क्षेत्र के लगभग सभी गांव में फायर गाड़ी भेजी जाती है। फायर प्रभारी ने बताया कि जिले के ग्राम हिनोतिया, मोहनपुर, बरखेड़ा गिर्द, परवाह, सतनपुर, चौरोल, झागर, बजरंगगढ़, पूनम खेड़ी, पिपरोदा खुटियाद, उमरी, कूंदौल, होटल के 2 के सामने, बने, विनायक खेड़ी, सुनेरा, धनन खेड़ी, पिपलिया गांव, गैस गोदाम के पास बनेह, पथरिया, समरानिया, बांसखेड़ी, सेमरा,भौरा आदि गांव से आगजनी की सूचना प्राप्त हुई थी। इस दौरान 15 स्थान पर फायर वाहन भेजकर आगजनी की घटना पर काबू पाया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री खत्री ने शहर वासियों एवं जिले वासियों से भीषण गर्मी के दौरान आगजनी की घटनाओं से सबक लेकर एहतियात बरतने की अपील की है। साथ ही खेतों में आग न लगाने एवं कहीं भी छोटी-मोटी आगजनी देखने पर तुरंत उस पर नियंत्रण करने का अनुरोध किया है, जिससे वह बृहद रूप न ले सके और किसी प्रकार की जान माल का खतरा न हो।

## पहलगाम आतंकी हमले पर पुतला दहन और श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का दौर

बुरहानपुर (ए.) । कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले से पूरा देश दहल गया सरकार सकते में आ गई इस के सरकार की ओर से पड़ोसी देश पाकिस्तान से किए गए पुराने समझौता को तोड़ दूतावास बंद करने के भारत सरकार के आदेश के बाद सभी वीजा भी निरस्त करने की कार्यवाही से पड़ोसी देश भी सहम गया है। इसी बीच इस को लेकर भाजपा कांग्रेस सामाजिक संगठन के साथ हिंदू मुस्लिम संगठनों ने भी इसकी घोर निंदा की है। इसी क्रम में अल्पसंख्यक कांग्रेस बुरहानपुर की ओर से भी आतंकवाद के पुतला दहन कर विरोध जताया गया अल्पसंख्यक नेता उबेद उल्लाह डॉ फरीद काजी डॉ इमरान खान सहित जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रिंकू टाक सहित अन्य कांग्रेस जनों की उपस्थिति में आतंकवाद का पुतला फूंक कर नारेबाजी की गई। वहीं इस घटना की निंदा करते हुए मदरसा असाबे सफा की ओर से भी पुतला दहन कर इस घटना की निंदा की गई तो हिंदू संगठनों की ओर से भी इस घटना का जमकर विरोध किया गया शहर से गांव तक विरोध के स्वर उठ रहे हैं।



## कुंडेश्वर धाम में बने बांधों का पानी खेतों में पहुंचा, बनकर अमृत जलधारा

जबलपुर (ए.)। जनकल्याण को दृष्टिगत रखते हुए शासन-प्रशासन कई बड़ी परियोजना की नींव रखता है। इन परियोजनाओं के महत्वकांक्षी उद्देश्य जब धरातल पर उतरतें है, तब लोकहित का नजारा कुछ अलग ही होता है। इसका साक्षात उदाहरण जिले का कुंडम ब्लॉक (कुंडेश्वर धाम) है। जहां की अधिकांश भूमि उबड़-खाबड़ व पथरीली है। यहां के कृषक पहले कोदो-कुटकी जैसे मोटा अनाज मात्र ही प्रमुखता से उगाते थे और संपूर्ण क्षेत्र में भू-जल स्तर गहराता ही जा रहा था। मां नर्मदा पर निर्मित बरगी जलाशय की नहरों के पानी से सर्वथा वंचित इस क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा विगत 06 वर्षों में कुल 03 बांधो का निर्माण किया गया है। जिसमें छोटी महानदी में छीताखुदरी, हिरन नदी में बदुआ व गौर की सहायक नदी कुल्हार नाला में दरगढ़ बांध बनाये जाने से अब इस ब्लॉक के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन एवं विकास को गति मिलना शुरू हो चुका है। वर्तमान में छीताखुदरी एवं दरगढ़ बांध के नहर तंत्र से कमांड क्षेत्र में पाईप टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है, जिससे इतनी भीषण गर्मी में नालों में प्रवाहित जलधारा इस सूखाग्रस्त क्षेत्र में बहुत सुखद अनुभूति दे रहा है।



## सहायक आयुक्त ने किया कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण

बडवानी(ए.) । जनजातीय कार्य विभाग जिला बड़वानी के सहायक आयुक्त जेएस डामोर द्वारा ग्राम बड़गांव में स्थित जिले की विशिष्ट संस्था कन्या शिक्षा परिसर बड़वानी के निरिक्षण के दौरान 10वी एवं 12वी की छात्राओं से चर्चा करते हुए उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के गुर सिखाते हुए मार्गदर्शन किया गया। उन्होंने छात्राओं को बताया की किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। लक्ष्य निर्धारित कर फिर उसके अनुसार निरंतर मेहनत कर सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने नीट जेईई सिविल सर्विसेस नर्सिंग आदि में कैरियर विकल्पों पर भी बात करते हुए छात्राओं को अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया एवं शुभकामनायें दी गयी। संस्था के निरिक्षण के दौरान श्री डामोर ने संस्था में उपलब्ध स्मार्ट कक्षा, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, अन्य लैब, छात्रावास भवन, मेस एवं अन्य सुविधाओं का निरिक्षण किया गया एवं छाषाओं में जानकारी ली गई। ज्ञातव्य हो कि संस्था कन्या शिक्षा परिसर मध्य प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित एक विशिष्ट आवासीय संस्था है, जो सीबीएसई बोर्ड अंतर्गत संचालित है।



## *कृषि विभाग के अधिकारियों ने किया खेत का निरीक्षण*

*बडवानी(ए.)। पॉल्यूशन सेटेलाईट से प्राप्त लोकेशन अनुसार नरवाई जलाई जाने की सूचना पर 23 अप्रैल को विकासखंड बडवानी के अंतर्गत ग्राम पिपरी बुजुर्ग में कृषक श्री विनोद पिता रमेशचंद पाटीदार के खेत पर कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ खेत का निरीक्षण कर कृषक को नरवाई न जलाने से संबंधित निर्देश दिए जाकर शासन द्वारा की जाने वाली दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी गई । कृषक के द्वारा बताया गया कि खेत में नींबू के बगीचे के पुराने सूखे पेड़ों को काटकर खेत के मेड़ पर 22 अप्रैल 2025 को रात्रि 9.30 बजे के लगभग जलाया गया। निरीक्षण के दौरान बचे हुए नींबू के शेष सूखे पेड़ों को न जलाने संबंधित निर्देश दिए गए तथा नरवाई न जलाने से क्या क्या फायदे एवं भूमि की उर्वरता में सुधार के बारे में जानकारी दी गई।*

# पाटन के नुनसर में अवैध परिवहन करते पकड़ी गई 70 बोरी डीएपी. नकली होने के संदेह पर लिये गये नमूने



जबलपुर (ए.)। पाटन थाना क्षेत्र में नुनसर के समीप निर्माणाधीन रिंगरोड पर पुलिस द्वारा बुलेरो पिकअप में अवैध परिवहन करते पकड़ी गई सत्तर बोरी डीएपी के प्रथम दृष्टया नकली पाये जाने पर कृषि अधिकारियों द्वारा परीक्षण हेतु नमूने लिये गये हैं।डीएपी के अवैध परिवहन की सूचना मिलने पर उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश के साथ पाटन के उर्वरक निरीक्षक को तत्काल वहाँ भेजा गया। बाद में उप संचालक कृषि डॉ निगम भी अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी एवं इफ्को कंपनी के उप महाप्रबंधक राजेश मिश्र के साथ मौके पर पहुँच गये थे। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम के अनुसार डीएपी का अवैध परिवहन करते बुलेरो पिकअप को नुनसर चौकी के पुलिस स्टाफ द्वारा आज गुरुवार की सुबह पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही भेजे गये उर्वरक निरीक्षक ने मौके पर पहुँचकर पाया कि बुलेरो पिकअप वाहन एमपी 38 जेड डी 8508 में इफ्को की 31 एवं आईपीएल कंपनी की 39 बोरी डीएपी रितु ग्राम बायो फर्टिलाइजर सागर से कन्तोरा (नुनसर) लाई जा रही थी।उप संचालक कृषि डॉ निगम के मुताबिक उर्वरक निरीक्षक द्वारा की गई जाँच में इस डीएपी को प्रथम दृष्टया नकली होना पाया गया है। उन्होंने बताया कि इफ्को कंपनी की डीएपी की बोरियों की सिलाई हरे धागे से और फाइन होती है, जबकि जो बोरियां पाई गई उसमें सफेद धागे से सिलाई की गई थी।

## व्यापार समाचार

### भारत में ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या फरवरी में 944.04 मिलियन रही : ट्राई

नई दिल्ली (ए) । भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने गुरुवार को कहा कि भारत में ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या फरवरी में 944.04 मिलियन हो गई है। सरकारी एजेंसी द्वारा यह जानकारी 1,189 ऑपरेटर्स से मिले डेटा के आधार पर दी गई। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी महीने में 12.06 मिलियन ग्राहकों ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) के लिए आवेदन किया था। एमएनपी के शुरू होने के बाद से जनवरी के अंत में संचयी एमएनपी आवेदनों की संख्या 1,093.33 मिलियन से बढ़कर फरवरी के अंत में 1,105.39 मिलियन हो गई है।




वायरलेस (मोबाइल) सेगमेंट में निजी टेलीकॉम कंपनियों के 92.03 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी, जबकि दो सरकारी टेलीकॉम कंपनियों ङ्क बीएसएनएल और एमटीएनएल की बाजार हिस्सेदारी केवल 7.97 प्रतिशत थी। भारत में कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या फरवरी में 1,192.03 मिलियन से बढ़कर 1,197.23 मिलियन हो गई, जो 0.42 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर दर्शाती है।

इसी अवधि के दौरान शहरी टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या 663.83 मिलियन से बढ़कर 667.93 मिलियन हो गई और ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या भी 528.20 मिलियन से बढ़कर 529.31 मिलियन हो गई। भारत में कुल टेली-घनत्व जनवरी के अंत में 84.54 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी के अंत में 84.85 प्रतिशत हो गया।

शहरी टेली-घनत्व जनवरी के अंत में 131.40 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी के अंत में 132.01 प्रतिशत हो गया और इसी अवधि के दौरान ग्रामीण टेली-घनत्व भी 58.38 प्रतिशत से बढ़कर 58.48 प्रतिशत हो गया। फरवरी के अंत में कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं में शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी क्रमशः 55.79 प्रतिशत और 44.21 प्रतिशत थी।मशीन-टू-मशीन (एम2एम) सेलुलर मोबाइल कनेक्शनों की संख्या जनवरी के अंत में 63.09 मिलियन से बढ़कर फरवरी के अंत में 64.71 मिलियन हो गई। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, भारती एयरटेल लिमिटेड के पास सबसे अधिक एम2एम सेलुलर मोबाइल कनेक्शन हैं, जिनकी संख्या 33.86 मिलियन है और इसकी बाजार हिस्सेदारी 52.33 प्रतिशत है, जिसके बाद वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का स्थान है।

### दो लाख टन से अधिक गेहूं की खरीद के लिए किसानों को 422 करोड़ का भुगतान

जालंधर (ए) । पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त डा. हिमांशु अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को उनके खरीदे गए गेहूं की 422 करोड़ रुपए की अदायगी कर दी गई है।

उपायुक्त ने बताया कि जिले की विभिन्न मंडियों में 2,13,686 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है, जिसमें से 2,07,098 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि पनग्रेन द्वारा 72,635 मीट्रिक टन, मार्कफेड द्वारा 62,263, पनसप द्वारा 37,316, पंजाब राज्य वेयरहाउस कार्पोरेशन द्वारा 29,334, एफसीआई द्वारा 3551 मीट्रिक टन तथा निजी व्यापारियों द्वारा 1999 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। डा. अग्रवाल ने बताया कि इस सीजन में जिले की 79 मंडियों में 5.25 लाख मीट्रिक टन गेहूं पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि बंपर फसल उत्पादन को देखते हुए 23 अस्थायी मंडियों की भी व्यवस्था की गई है।

# इंडिया स्टील 2025 : भारतीय इस्पात क्षेत्र में संभावनाओं और चुनौतियों का पता लगाएगा तीन दिवसीय कार्यक्रम

नई दिल्ली (ए.) । इस्पात मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम 'इंडिया स्टील 2025' में विभिन्न हितधारकों को भारतीय इस्पात क्षेत्र में मौजूद संभावनाओं, चुनौतियों और अवसरों का पता लगाने के लिए एक मंच पर लाया गया है। यह कार्यक्रम मुंबई में 24 – 26 अप्रैल तक आयोजित किया गया है।

उद्घाटन सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया, जिसमें उन्होंने घरेलू इस्पात उत्पादन को बढ़ाने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए भारत की रणनीतिक दृष्टि पर जोर दिया।

मंत्रालय के अनुसार, दिन के दौरान कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। 'विकसित भारत: भारतीय अर्थव्यवस्था में इस्पात क्षेत्र की भूमिका' पर सत्र में वरिष्ठ नीति निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों और उद्योग जगत के नेताओं के एक उच्च स्तरीय पैनल ने भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने में इस्पात की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की।



'सीईओ राउंड टेबल' की अध्यक्षता इस्पात और भारी उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने की, जिसमें भारतीय इस्पात क्षेत्र के लिए मौजूदा चुनौतियों और विकास पर चर्चा की गई। 'इंडिया-रूस राउंडटेबल' दोनों देशों के प्रमुख हितधारकों के बीच द्विपक्षीय जुड़ाव के लिए एक रणनीतिक मंच रहा।

यह चर्चा, इस्पात और खनन क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने, संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देने और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और व्यापार सुविधा के लिए नए रास्ते तलाशने पर केंद्रित थी। 'इंडिया स्टील 2025' के दूसरे दिन वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल; शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान; रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव; नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की उपस्थिति रही। पहले दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शून्य आयात के लक्ष्य की आवश्यकता और इस्पात क्षेत्र के लिए शुद्ध निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। भारत वर्तमान में 25 मिलियन टन इस्पात निर्यात करने और वर्ष 2047 तक उत्पादन क्षमता को 500 मिलियन टन तक बढ़ाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्पात क्षेत्र को नई प्रक्रियाओं, ग्रेड और स्केल के लिए तैयार करने के महत्व पर जोर दिया और उद्योग से भविष्य के लिए तैयार मानसिकता के साथ विस्तार और अपग्रेड करने का आग्रह किया।

# भारत में एमएंडए और पीई डील पहली तिमाही में 204 प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट

नई दिल्ली(ए.)। भारत में 2025 की पहली तिमाही में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) और प्राइवेट इक्विटी (पीई) डील्स की वैल्यू में सालाना आधार पर बड़ा 204 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। जनवरी-मार्च अवधि में 67 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू 5.3 बिलियन डॉलर रही है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई ग्रांट थॉर्नटन भारत की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस तिमाही में 100 मिलियन डॉलर से अधिक के छह हाई-वैल्यू लेन-देन भी हुए, जिनकी कुल वैल्यू 4.3 बिलियन डॉलर थी। पिछली तिमाही में 100 मिलियन डॉलर से अधिक की केवल चार डील हुई थी और इनकी वैल्यू 534 मिलियन डॉलर थी।




रिपोर्ट में बताया गया कि यह रुझान निवेशकों के बीच नए सिरे के आत्मविश्वास को दर्शाता है, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत को पूंजी निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करता है। ग्रांट थॉर्नटन भारत के विशाल अग्रवाल ने कहा, वैश्विक चुनौतियों और पूंजी बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद, भारत की विकास दर आशाजनक बनी हुई है। बजट 2025 में विनियामक सरलीकरण और सहयोगात्मक विकास पर जोर दिए जाने के साथ, हम उम्मीद करते हैं कि पूंजीगत व्यय में तेजी आएगी, जिससे नए सिरे से पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा।2025 की पहली तिमाही में एमएंडए सेगमेंट में 28 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू 4 अरब डॉलर से अधिक थी। तिमाही आधार पर यह डील वॉल्यूम का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा और वैल्यू का तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। पीई सेगमेंट में मार्च तिमाही में 37 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू करीब एक अरब डॉलर रही। पिछली तिमाही के मुकाबले डील वैल्यू में 2 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी हुई है।रिपोर्ट में बताया गया कि पूंजी बाजारों ने 2025 की पहली तिमाही में सुस्त प्रदर्शन किया, जिसमें आईपीओ गतिविधि में कमी देखी गई। इस दौरान 316 मिलियन डॉलर के कुल दो क्यूआईपी जारी हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्राथमिक बाजार गतिविधि में मंदी से पता चलता है कि कंपनियां प्रतीक्षा और निगरानी का दृष्टिकोण अपना रही हैं और संभावित रूप से अधिक अनुकूल बाजार स्थितियों के लिए लिस्टिंग और पूंजी जुटाने को टाल रही हैं।

## सोने में तेजी, चांदी की कीमतों में नरमी

नई दिल्ली (ए.)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आये बदलाव के बीच ही घरेलू वायदा बाजार में शुक्रवार को सोने में तेजी आई है जबकि चांदी की कीमतों में नरमी रही है। आज सुबह सोने के भाव 96,000 रुपये, जबकि चांदी के भाव 97,450 रुपये के करीब कारोबार हैं। सोना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार मार्केट में 3,509.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया जबकि, घरेलू बाजार में सोना 99,358 रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर रहा।सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध शुक्रवार को 77 रुपये की तेजी के साथ 95,999 रुपये के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 95,912 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 104 रुपये बढ़कर 96,016 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 96,239 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 95,954 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। सोने का वायदा भाव मंगलवार को 99,358 रुपये के भाव पर पहुंचा था। दूसरी ओर चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई अनुबंध शुक्रवार को 16 रुपये की कमी साथ 97,495 रुपये पर खुला।



# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 589 , निफ्टी 207 अंक गिरा

### निवेशकों को 11 लाख करोड़ का नुकसान

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी रहने से आई है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनावों के कारण भी निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया जिससे भी बाजार पर दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 588.90 करीब 0.74 फीसदी नीचे आकर 79,212.53 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी अंत में 207.35 अंक तकरीबन 0.86 फीसदी नीचे आकर 24,039.35 पर बंद हुआ।




बाजार जानकारों के अनुसार इस गिरावट का कारण एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, इटरनल (जोमैटो), टाटा मोटर्स, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और एलएंडटी जैसे दिग्गज शेयरों में मुनाफावसूली हावी रहना है।

भारत पाक के बीच तनाव बढ़ने से भी निवेशकों में घबराहट का माहौल है। इससे विदेशी निवेशक सतर्क रुख अपनाये हुए हैं।

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने की आशंका से निवेशकों को 11 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटकर 419,65,902 करोड़ रुपये पर आ गया। जबकि गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद यह 43,042,123 करोड़ रुपये था। इस तरह कंपनियों को 10,50,393 करोड़ रुपये की चपत लगी है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## मानसून इस बार सामान्य से बेहतर

भारत में इस बार मानसून में सामान्य से बेहतर होने की जानकारी मौसम विभाग ने दी है। मानसून के दौरान अल नीनो की संभावना को खारिज करते हुए कहा कि जून-सितम्बर के दौरान 105 प्रतिशत बरसात हो सकती है।

भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम मानसूनी बारिश से जुड़ी अल-नीनो की स्थितियां इस बार विकसित होने की संभावना नहीं हैं। देश के विभिन्न हिस्से फिलहाल भीषण गरमी से जूझ रहे हैं। अप्रैल अंत से जून के दौरान भीषण गरमी पड़ने का अनुमान है जिससे बिजली ग्रिड पर दबाव पड़ सकता है और पानी की कमी हो सकती है। कृषि क्षेत्र के लिए मानसून बहुत महत्त्वपूर्ण है जो लगभग 42.3 प्रतिशत आबादी की जीविका का आधार है।

देश की जीडीपी में कृषि का योगदान 18.2 प्रतिशत होता है। कुल खेती योग्य क्षेत्र का आधे से ज्यादा यानी 52 प्रतिशत हिस्सा वर्षा आधारित प्रणाली पर निर्भर है। बिजली उत्पादन के अतिरिक्त वर्षा जल ही पीने और जलाश्यों को भरने के लिए आवश्यक है। जलवायु वैज्ञानिकों के अनुसार, चूंकि बरसात के दिनों की संख्या घटती जा रही है, परंतु भारी बारिश की घटनाएं बढ़ रही हैं यानी थोड़े समय में जबरदस्त बारिश हो जाती है जिससे बाढ़ जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। हालांकि यह मानसून खरीफ की फसल के मुनाफिक होता है। दालें, चावल, मक्का, रागी, ज्वार, तिल, बाजरा और मूंगफली के साथ धान भी इनमें होते हैं। कुल्थी, जूट, सन, कपास आदि भी इसी मौसम की उपज हैं। बीते साल जून-सितम्बर के दौरान रिकॉर्ड औसतन 8 प्रतिशत अधिक बारिश हुई थी। मौसम विभाग की भविष्यवाणियों में केवल 4 प्रतिशत की त्रुटि होती है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून में हरे संवहनीय बादलों के ऊपरी हिस्से में तकरीबन एक किमी. की वृद्धि हुई है। केरल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं का कहना है कि बीते आठ सौ वर्षों में मानसून में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हालांकि अत्यधिक वर्षा के कारण आने वाली विपदाओं से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।महानगरों में जलभराव से निपटना अब तक संभव नहीं हो पाया है। डूब क्षेत्र के रहवासियों के कच्चे घर/झोपड़े और जानवर बह जाते हैं। खड़ी फसलों को जबरदस्त बरसात तबाह कर देती है। यह सरकारी लापरवाही का नतीजा है कि बरसाती जल का उचित संरक्षण और भंडारण करने में अब तक ठोस काम नहीं किया जा सका है, जो आज के वक्त की महती जरूरत है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा को उनकी 106वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की.

# पहलगाम आतंकी हमलाः कश्मीर में आतंक के विरुद्ध जन-आक्रोश की नई लहर

**लेखक श्री बृजमोहन श्रीवास्तव,**



जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में कम से कम 26 नागरिक मारे गए, जिनमें ज़्यादातर पर्यटक थे । यह 2019 के पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला है। इसके पहले 18 मई 2024 में भी दो आतंकवादी हमले हुये थे जिसमें शोपियां में बीजेपी के पूर्व सरपंच ऐजाज अहमद शेख की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी, रात 10:30 बजे हिरपोरा में हुई इस घटना का उद्देश्य केंद्र सरकार के सुरक्षा प्रयासों से उपजी बौखलाहट थी । इसी दिन अनंतनाग में जयपुर के एक मुस्लिम जोड़े को भी गोली मार कर घायल किया था । इन दोनों घटनाओं के पीछे भारत सरकार के सुरक्षा प्रयासों के दावों को झुठलाने की कोशिश के साथ पर्यटकों को हतोत्साहित करने का उद्देश्य आतंकवादियो का था । पहलगाम में हुआ यह हमला बैसरन नामक घास के मैदान में हुआ,जहाँ केवल पैदल या टट्टू से ही पहुँचा जा सकता है, मंगलवार की सुबह पर्यटकों का एक समूह वहाँ घूमने गया था। इस हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने केवल मानवता को ही शर्मसार नहीं किया है बल्कि कश्मीर की शांति और विकास की राह में एक गंभीर चुनौती भी पेश करने की कोशिश की है जो उनकी हताशा को बयां करती है। इस त्रासदी के बीच मगर एक सकारात्मक परिवर्तन भी देखने को मिला है। घटना के तुरंत बाद जिस प्रकार से कश्मीर के आम नागरिकों ने इस हमले की खुलकर निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ आवाज़ बुलंद की है जो इसके पहले कभी देखने को नहीं मिली थी । कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने रैलियाँ निकालकर पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए, जो इस बात का संकेत है कि अब कश्मीर के लोग शांति और विकास के पक्षधर हैं और केन्द्र की नीतियों का खुलकर समर्थन कर रहे है।पिछले कुछ वर्षों में शांति और विकास का जो माहौल बना है, उसने स्थानीय लोगों को यह महसूस कराया है कि स्थिरता और समृद्धि ही उनके भविष्य की कुंजी है। पर्यटन, शिक्षा, और व्यापार के क्षेत्र में हुए सुधारों ने लोगों को यह समझाया है कि आतंकवाद से दूरी बनाकर ही वे अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं।कश्मीर के वातावरण में यह बदलाव अचानक नहीं आया है यह परिणाम केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी की नीतियों और प्रयासों से सम्भव हुआ है जो वह गत कई वर्षों से कर रहे है। उनके ईमानदार प्रयासों ने कश्मीर के लोगों में विश्वास और सुरक्षा की भावना को पुनर्जीवित किया है। पिछले समय से श्री शाह ने कश्मीर के बहुत से दौरे के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया ,कश्मीरियों के मन में यह भरोसा जगाया कि केंद्र सरकार उनकी सुरक्षा व भलाई के लिए प्रतिबद्ध है।पहलगाम की घटना पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी विदेश दौरे पर रहते हुए इस पर सतत निगरानी रखी । वहीं अपने विदेशी दौरे को बीच में छोड़कर कर यह स्पष्ट संदेश दिया कि कश्मीर की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार गंभीर है। घटना के तत्काल बाद श्री अमित शाह जी के पहुँचने से कश्मीर में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना है लोगों को विश्वास हुआ है कि केंद्र के शांति के प्रयासों में कोई कमी नहीं आयेगी । उनके इस कदम से निश्चित ही आतंकियों के मनोबल पर असर पड़ेगा।

बैसरन की घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर किया है कि क्या आतंकवाद फिर से पैर पसारने की कोशिश कर रहा है ? इसका जवाब निश्चित ही नहीं है क्योंकि अब कश्मीर के लोग जागरूक हो चुके हैं और उन्होंने तय कर लिया है कि वे आतंकवाद का समर्थन नहीं करेंगे। उनकी यह दृढ़ता ही आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है। क्योंकि इस घटना के बाद कश्मीर में जो जन-आक्रोश देखने को मिला है, वह इस बात का प्रमाण है कि अब कश्मीर के लोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो चुके हैं। यह बदलाव न केवल कश्मीर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक आशा की किरण है।यह अवसर है जब केंद्र सरकार इस जन-भावना को और मजबूत करे और कश्मीर के लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करे, ताकि वे आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को और प्रभावी ढंग से लड़ सकें। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रयासों का समर्थन करना चाहिए।अंततः, पहलगाम की घटना एक चेतावनी है, लेकिन कश्मीर के लोगों की प्रतिक्रिया एक आशा की किरण है जो केंद्र सरकार के प्रयासों पर सील लगाते हुये कह रही है कि अब समय आ गया है कि हम सभी मिलकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हों जिससे कश्मीर शांति, विकास, और समृद्धि की ओर अग्रसर हो जिससे आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके ।

# कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अहम

**अमित बैजनाथ गर्ग**

हाल ही में भारतीय प्रबंधन संस्थान-अहमदाबाद की ओर से एक निजी कंपनी के साथ मिलकर तैयार की गई रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के कृषि कार्यबल में 64.4 प्रतिशत महिलाएं हैं, लेकिन सिर्फ 6-10 प्रतिशत महिलाएं कृषि और इससे संबंधित शीर्ष कंपनियों में नेतृत्वकारी पदों पर हैं।रिपोर्ट ने देश के कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और शीर्ष पदों पर उनकी कम उपस्थिति के बीच गहरी खाई को उजागर किया है। रिपोर्ट कहती है कि कृषि व्यवसाय का भविष्य महिलाओं को शिक्षा, कार्यस्थलों में समावेश बढ़ाकर और नेतृत्व विकास के माध्यम से सशक्त बनाने में निहित है। रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है कि कृषि शिक्षा कार्यक्रमों में महिलाओं का 30-40 प्रतिशत नामांकन होता है, लेकिन इनमें से बहुत कम महिलाएं औपचारिक कृषि क्षेत्र में रोजगार पाती हैं। रिपोर्ट के हवाले से विशेषज्ञों का कहना है कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की मजबूत भागीदारी और उच्च शैक्षणिक उपस्थिति के बावजूद औपचारिक रोजगार में उनकी भागीदारी नगण्य है। इसे बढ़ाने पर जोर दिया जाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। रिपोर्ट ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई रणनीतियां सुझाई हैं, जिनमें महिलाओं को संसाधनों तक समान पहुंच सुनिश्चित करना, महिलाओं के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू करना और समावेशी कार्यस्थलों को बढ़ावा देकर महिलाओं को नेतृत्व के लिए प्रेरित करना शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि देश में कृषि परिदृश्य एक आश्चर्यजनक विरोधाभास प्रस्तुत करता है। महिलाएं कृषि कार्यबल और शैक्षिक समूहों का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, फिर भी स्नातकों का एक बड़ा हिस्सा औपचारिक रोजगार संरचनाओं में प्रवेश नहीं कर पाता है। हमें इस स्थिति पर गंभीरता से विचार करते हुए समाधान के रास्ते खोजने होंगे।



असल में कृषि का नारीकरण एक जटिल और बहुआयामी प्रक्रिया है, जो कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारकों से प्रभावित होती है। कृषि में महिलाओं की पूर्ण और समान भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई चुनौतियों का समाधान किया जाना बाकी है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में कृषि श्रम बल में महिलाएं महत्त्वपूर्ण अनुपात में हैं। 2010-11 की अवधि में लगभग 43 प्रतिशत किसान और 52 प्रतिशत कृषि मजदूर महिलाएं थीं।


महिलाओं ने हमेशा कृषि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, चाहे वे किसान हों या मजदूर। हालांकि उनके योगदान को अक्सर अनदेखा किया जाता है और कम करके आंका जाता है। उन्हें इस क्षेत्र में समान भागीदारी और निर्णय लेने में कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। देश में कृषि के महिलाकरण को बढ़ावा देने वाले मुख्य कारकों में से एक इस क्षेत्र में पुरु ष श्रम शक्ति में गिरावट है। यह गिरावट कई कारकों से प्रेरित है, जिसमें कृषि का मशीनीकरण, गैर-कृषि रोजगार की ओर बदलाव और बेहतर रोजगार के अवसरों की तलाश में पुरु षों का शहरी क्षेत्रों में पलायन शामिल है।

## भटके बादल ,कहाँ गरजे,कहाँ बरसेंगे ?

**राकेश अचल**

हैरान मत होइए,मेरे निशाने में आज भी कोई बदलाव नहीं है। मै आज भी अपने प्राणप्रिय प्रधानमंत्री जी की ही बात कर रहा हूँ। आपको पढ़ना हो तो पढ़िए और न पढ़ना हो तो मत पढ़िए। मुझे अपने भाग्यविधाता उन भटके हुए बादलों की तरह नजर आ रहे हैं जिन्हें अपने गरजने और बरसने के ठिकानों का पता नहीं है। पहलगाम के नृशंस हादसे के बाद मोदी जी से उम्मीद थी कि वे रात 8 बजे दूरदर्शन पर दर्शन देंगे,या फिर पहलगाम में मौकाए वारदात पर नजर आएंगे,किन्तु ऐसा नहीं हुआ। वे आवारा बादलों की तरह उड़कर सीधे बिहार पहुँच गए। और बिहार के मधुबनी में मैथली में नहीं अंग्रेजी में बरसे और जमकर बरसे।

ये कोई व्यंग्य की बात नहीं है। ये हकीकत है और पूरे देश और दुनिया ने माननीय मोदी जी को मधुबनी में गरजते हुए देखा है। उन्होंने मधुबनी में हिंदी में या मैथली में नहीं बल्कि अंग्रेजी में भाषण दिया। मंच चुनाव की सभा का था। सामने गैर अंग्रेजी समझने वाले लोग थे लेकिन मोदी जी अंग्रेजी में बरसे। उन्होंने आतंकवादियों को चेतावनी दी की वी टार्गेटिड,आइडेंटिफाइड एंड पनिश्ड। मुझे लगा कि मोदी जी को पता है की पहलगाम में नृशंस हत्याकांड करने वाले आतंकवादी हिंदी या उर्दू या मैथिली नहीं जानते ,वे केवल अंग्रेजी जानते हैं इसलिए उन्हें अंग्रेजी में ही धमकाया जाए। मुमकिन है कि माननीय मोदी जी भूल गए हों कि वे मधुबनी की चुनावी सभा में नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में बोल रहे हैं और वहां अंग्रेजी में ही बोलने से दुनिया उनकी बात समझेगी।मुमकिन है कि मोदी जी का प्रयोग कामयाब भी हो जाये। उनकी चेतावनी को आतंकवादी और पाकिस्तान दोनों समझ गए हों और भारत की और से संभावित जबाबी कार्रवाई से बचने में जुट गए हों। पाकिस्तान को पता है कि मोदी जी खाली बादल नहीं हैं, वे गरजे हैं तो कहीं न कहीं बरसेंगे भी। मोदी जी को बरसना भी चाहिए अन्यथा जनता उन्हें और उनकी पार्टी को एकदम से ख़ारिज कर देगी। मोदी जी के सामने हिन्दुओं के जख्मों पार मरहम लगाने के साथ ही पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी से भी बड़ी जंग छेड़ना होगी।




मेष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपका विवेक और सूझबूझ से लिया गया निर्णय अच्छा रहेगा तथा सभी काम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे। संतान संबंधी शुभ काम बनने से मन खुश रहेगा। आज दिखावे के चक्कर में अधिक खर्च करने या कर्ज लेने से बचें। अगर किसी से वादा किया है, तो उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। आपके रुके हुये कार्य कम्पलीट होंगे, जिससे आपकी उलझन कम होगी। झूठ बोलने से बचे इससे आपकी छवि अच्छी बनी रहेगी।

वृष राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों और कर्मचारियों की मदद से उचित व्यवस्था बनी रहेगी तथा कार्य सुचारू रूप से संपन्न होते जाएंगे। साझेदारी संबंधी व्यवसाय आज गति पकड़ेंगे। परंतु अपनी कार्यप्रणाली में कुछ बदलाव भी लाना जरूरी है। नौकरी पेशा लोगों को अपना मनोनुकूल कार्यभार मिलेगा। आज पारिवारिक व्यवस्था में बाहरी लोगों का हस्तक्षेप नहीं होने देंगे।

मिथुन राशि: आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आपनी समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे। किसी आर्थिक समस्या का हल मिलने से सुकून रहेगा। इसमें भावनाओं की बजाय व्यवहारिक दृष्टिकोण आपकी तरक्की में सहायक रहेगा। नयी कार्य योजनाओं को स्टार्ट करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोगों को पिता जी सरप्राइज देंगे।

कर्क राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज अपना स्वभाव पॉजिटिव बनाए रखेंगे। इस समय किसी भी तरह का लेन-देन करते समय सावधानी वरतें। राजनीतिक तथा सामाजिक गतिविधियों में अपनी उपस्थिति जरूर रखें। इससे लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। साथ ही घर की व्यवस्था से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी संपन्न हो सकते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा

सिंह राशि: आज आपका दिन एक खास पल लेकर आएगा। रुपए-पैसे के मामले में किसी पर भी ज्यादा भरोसा ना करें। भावुकता और उदारता में निर्णय लेने से बचे, किसी भी प्रकार का निर्णय लेने से पहले उस पर उचित विचार विमर्श करना जरूरी है।

कन्या राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप खुद को आर्थिक तौर पर मजबूत करने की कोशिश करेंगे और सफल भी रहेंगे। लेन-देन संबंधी मामला किसी की मध्यस्थता से हल करने का प्रयास करेंगे तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी ।

तुला राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। अधिक भागदौड़ वाला काम होने के बावजूद भी आप पॉजिटिव रहेंगे। आज उचित समय पर उचित निर्णय लेना फायदेमंद साबित होगा। आज आपको करियर संबंधी किसी समस्या का समाधान मिलने से शांति मिलेगी। आर्थिक योजना पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा। विरोधी आपके लिए परेशानी बढ़ा सकते हैं, लेकिन निश्चित रहें इससे आपका कुछ भी अहित नहीं होगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन लकी रहेगा। दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने मे सफलता मिलेगी। आज अपने लक्ष्य को पूरा करने में और अधिक मेहनत करेंगे। अपनी फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। कामकाज को लेकर की गई यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। नौकरी कर रहे लोग अपने प्रोजेक्ट के प्रति लापरवाही न करें। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे, आपका मन प्रसन्न रहेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। जीवनसाथी की मदद कारगार हो सकती है। आँखों की समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे, आपको आराम मिलेगा। आज पिछले कुछ समय से जिन योजनाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत थे, अब उनका फलीभूत होने का उचित समय आ गया है। प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। इसलिए अपने काम के प्रति पूरी निष्ठा रखेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज किसी भी परिस्थिति में आप अपना स्वाभिमान तथा आत्मबल कमजोर नहीं पड़ने देंगे। आज चुनौतियों का सामना करें तथा आर्थिक मामलों को और अधिक बढ़िया बनाने की कोशिश करें। आज दूसरों के व्यक्तिगत मामलों में हस्तक्षेप ना करें वरना वे आपका विरोध कर सकते है। कामकाज के मामले में आपकी प्रॉब्लम जल्दी ही सुलझ जाएगी।

कुंभ राशि: आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। माता-पिता बच्चों के साथ किसी शॉपिंग मॉल में घूमने जायेंगे, जिससे उनमें बहुत उत्साह देखने को मिलेगी। आपका शांतिपूर्ण व्यक्तित्व आपके कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से व्यवस्थित करने में सहायक रहेगा।

मीन राशि: आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आप हर किसी से बेहतर सामंजस्य बनाकर रखने में सफल होंगे। किसी भी असमंजस की स्थिति में निकट मित्रों की सलाह उपयोगी रहेगी। धार्मिक अथवा आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे।

# कोविशील्ड के वैक्सीनेशन का दुष्परिणाम

**विनीत नारायण**

बिना किसी बीमारी या चेतावनी के लगातार अचानक युवाओं की मौत क्यों हो रही है? क्या ये कोविशील्ड के वैक्सीनेशन का दुष्परिणाम है? क्योंकि कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी ने सर्वोच्च अदालत में अब यह स्वीकार कर लिया है कि उनके इस वैक्सीन से खून के थक्के जमने की संभावना होती है।

पिछले हफ्ते क्रिकेट खेलते एक युवा की अचानक मौत हो गई। अपने विदाई समारोह में कॉलेज में भाषण देते-देते एक 20 वर्ष की महिला अचानक मर गई। रामलीला में मंच पर हनुमान जी का किरदार निभाने वाले कलाकार की अचानक मंच पर ही मृत्यु हो गई। अपने विवाह में पति के गले में जयमाल डालते-डालते नववधू मर कर गिर गई।

कोविड के बाद से पूरे देश में ऐसी मौतों की बाढ़ सी आ गई है। जिन जागरूक डॉक्टर, वकील और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कोविशील्ड वैक्सीन की क्षमता पर संदेह किया था और ये आरोप लगाया था कि बिना सही परीक्षण किए, जल्दबाजी में, प्रशासनिक दबाव बना कर जिस तरह पूरे देश में कोविशील्ड का टीकाकरण किया गया इससे लोगों की जान को भारी खतरा पैदा हो गया। मुंबई उच्च न्यायालय के वकील निलेश ओझा ने कोविशील्ड कंपनी और भारत सरकार के विरुद्ध मुंबई उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में जनहित के मुकदमे करके वैक्सीन बनाने वाली कंपनी पर दबाव बनाया जिसके चलते इस कंपनी ने अपने वैक्सीन के दुष्परिणामों की संभावनाओं को अदालत में स्वीकार किया। इससे यह सिद्ध हो गया कि ये वैक्सीन बिना परीक्षण पूरा किए ही जल्दबाजी में पूरे देश पर थोप दिया गया। इन लोगों को और देश के तमाम जागरूक लोगों को इस बात से भारी नाराजगी है कि भारत की मौजूदा सरकार, ऐसी अचानक हो रही मौतों की न तो संख्या जारी कर रही है और न ही उसके कारणों की जांच करवा रही है। इसी समूह से जुड़ी डॉ. सुसन राज जो मध्य प्रदेश के राजनंदगांव जिले में रहती हैं, उनका दावा है कि सारी मौतें कोविशील्ड वैक्सीन के कारण ही हो रही हैं। डॉ. सुसन राज हर उस व्यक्ति को, जिसने ये टीका




लगवाया था, चेतावनी दे रही हैं कि वे यथाशीघ्र अपने शरीर को 'डिटॉक्स' (विषमुक्त) कर लें जिससे कोविशील्ड वैक्सीन के संभावित दुष्परिणामों से बचा जा सके। 'डिटॉक्स' करने की ट्रेनिंग वो जूम कॉल पर दुनिया भर के हजारों लोगों को दे चुकी हैं। उनकी यह प्रक्रिया इतनी सरल है कि कोई भी व्यक्ति देश-दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न बैठा हो वो डॉ. सुसन राज से जूम कॉल पर खुद को विषमुक्त करने का तरीका सीख सकता है।


ये तकनीक बहुत सरल है और घर बैठे अपना ट्रीटमेंट किया जा सकता है। एक रोचक तथ्य यह है कि हमारे आपके सामाजिक दायरे में जिन लोगों ने कोविशील्ड वैक्सीन नहीं लगवाई थी वे आज भले चंगे हैं। जिन्होंने लगवाई थी उनमें से बहुत सारे लोगों को अजीबो-गरीब बीमारियां शुरू हो गई हैं। मेरे ही परिवार में मुझ समेत कई लोगों को ऐसी बीमारियां हो गई हैं जिनका कोई कारण समझ में नहीं आता। हालांकि एक पक्ष ऐसा भी है जो मानता है कि इन मौतों और बीमारियों का वैक्सीन से कोई लेना-देना नहीं है। पर ये पक्ष इन मौतों और अचानक पनप रही इन बीमारियों का कारण बताने में असमर्थ हैं। इसलिए डॉ. सुसन सबको सलाह देती हैं कि वे अपने शरीर को वैक्सीन के विष से मुक्त कर लें और स्वस्थ जीवन जियें। डॉ. सुसन के अनुसार हमारी कोशिकाएं सात तरीकों से खुद को डिटॉक्स करती हैं। पांच रासायनिक डिटॉक्स हैं, एक यांत्रिक डिटॉक्स है और एक विद्युत डिटॉक्स है। ऑक्सीकरण और जलयोजन पांच रासायनिक डिटॉक्स में से दो हैं, जिनका उपयोग कोशिकाएं करती हैं। आमतौर पर यह सांस लेने, जूस और पानी के द्वारा किया जाता है। इन दो कार्य का समर्थन करने के लिए, हम क्या कर सकते हैं, एक घोल तैयार करें जिसमें ऑक्सीजन के 2 अणु नमक से क्लोराइड के एक अणु के साथ बंधते हैं, और इसे पानी में घोलते हैं।

यह ऑक्सीजन युक्त पानी बन जाता है, जो ऑक्सीकरण द्वारा बहुत कुशल डिटॉक्स करता है। एंटीऑक्सीडेंट भोजन, जड़ी-बूटियां और तेल हैं जिनमें प्रोटीन, विटामिन, खिनज, कार्ब्स और वसा होते हैं। ये वस्तुएं कोशिका संरचना का निर्माण करके डिटॉक्स करती हैं। एंडोक्राइन स्त्रव को मन की शक्ति द्वारा प्रबंधित किया जाता है जो विचारों में परिवर्तित होने वाली सूचनाओं और फिर सकारात्मक भावनाओं से जुड़कर अच्छा महसूस कराने वाले न्यूरोट्रांसमीटर का उत्पादन करके बनाया जाता है, जो 90 फीसद बीमारियों को ठीक कर सकता है।

ऑटोफैगी स्वयं खाने का उपयोग करके डिटॉक्स करता है। यह उपवास में होता है। यहां वह डिटॉक्स है जिसे एकीकृत सेलुलर डिटॉक्स थेरेपी में जोड़ा जाता है। गौरतलब है कि आज कल के आधुनिक जीवन की भागदौड़ में हमारा मन और शरीर अक्सर तनाव, नकारात्मकता और अनावश्यक बोझ से भर जाता है। 'सेल्फ डिटॉक्स' एक ऐसी प्रक्रिया है, जो हमें शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से शुद्ध करने में मदद करती है। यह न केवल हमें तरोताजा करती है, बल्कि जीवन में स्पष्टता और संतुलन भी लाती है। सेल्फ डिटॉक्स की शुरु आत शरीर से होनी चाहिए। इसके लिए संतुलित आहार, पर्याप्त पानी का सेवन और नियमित व्यायाम जरूरी है। जंक फूड, शराब और कैफीन से दूरी बनाकर शरीर को हल्का और ऊर्जावान बनाया जा सकता है। प्राकृतिक खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्जियां और साबुत अनाज शरीर से विषाक्त पदाथरे को बाहर निकालने में मदद करते हैं। योग और प्राणायाम भी शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।हमारा दिमाग सोशल मीडिया, नकारात्मक खबरों और अनावश्यक विचारों से भरा रहता है। मानसिक डिटॉक्स के लिए ध्यान और माइंडफुलनेस का अभ्यास प्रभावी है। अनावश्यक जानकारी से दूरी बनाएं और सकारात्मक किताबें पढ़ें। फोन और इंटरनेट से ब्रेक लेना भी मानसिक शांति देता है। नकारात्मक भावनाएं जैसे गुस्सा, ईर्ष्या या दुख हमें कमजोर बनाती हैं।



# सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकारा, वीर सावरकर पर दिए बयान को बताया गैर-जिम्मेदाराना



नई दिल्ल(आरएनएस)। लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर दिए गए राहुल गांधी के विवादित बयान पर कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों को लेकर गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को राहत भी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ निचली अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इतिहास को समझे बिना राहुल गांधी इस तरह के बयान नहीं दे सकते हैं। कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि भविष्य में इस प्रकार की टिप्पणी फिर से की गई, तो सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई करेगा। कोर्ट ने आगे कहा, आप उन लोगों के बारे में कैसे ऐसा कह सकते हैं, जिन्होंने हमें आजादी दिलाई? कल को आप महात्मा गांधी को लेकर भी कुछ कह देंगे, क्योंकि उन्होंने सावरकर के लिए फेथफुल सर्वेंट लिखा था? सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि महात्मा गांधी ने सावरकर को सम्मान दिया था और राहुल गांधी की दादी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी उन्हें एक पत्र लिखा था। जस्टिस दीपांकर दत्ता ने राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा कि आप महाराष्ट्र जाकर इस तरह के बयान देते हैं, जहां वीर सावरकर की पूजा होती है। आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। आप क्यों इस तरह की टिप्पणी कर रहे हैं? यह मामला 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के महाराष्ट्र में दिए गए विवादित बयान से जुड़ा है। उन्होंने सावरकर को लेकर विवादित टिप्पणी की थी और कहा था कि वह अंग्रेजों से पेंशन लेते थे।

राहुल गांधी के इस बयान पर वकील नृपेंद्र पांडे ने निचली अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी। लखनऊ की निचली अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ पहली नजर में आईपीसी 153(ए) और 505 के तहत केस मानते हुए समन जारी किया था। उस समन को राहुल गांधी ने चुनौती दी थी। उसके बाद राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## जुमे की नमाज के बाद आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए शांति की हो दुआ : फरंगी महली

लखनऊ, (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में कई लोगों की जान चली गई। इस हमले को लेकर देशभर में गुस्सा और आक्रोश है। भारत के अलग-अलग शहरों में इसे लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं। वहीं, इस मामले को लेकर लखनऊ ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने जुमा की नमाज के दौरान तमाम इमामों से मृतकों के लिए दुआ की अपील की है।इमाम खालिद रशीद फरंगी महली ने एक जारी बयान में कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में जो दहशतगर्दी की घटना हुई है, उसने पूरे देश के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। हर इंसान इस घटना से दुखी है। जिनके घरों के लोग इस हमले का शिकार हुए, वे और दुखी हैं। जो घायल हुए हैं, उनके परिवार के लोग भी परेशानी में हैं। जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है, हमारी सरकार से मांग है कि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी और सख्त सजा दी जाए, ताकि वे ऐसी हरकत भविष्य में न कर सकें।उन्होंने कहा कि तमाम इमामों और हजरातों से अपील करता हूं कि आज जुमे की नमाज के बाद इस घटना में मारे गए लोगों के लिए शांति की दुआ करें।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

## पहलगाम के दरिंदों को जरुर मिलेगी सजा, जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही मोदी सरकार : तरुण चुघ

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के भाजपा प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कदमों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत काम कर रही है और दरिंदों को सजा जरूर मिलेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट संदेश 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं को दर्शाता है। यह नया भारत आतंकवादियों और उनके समर्थकों को नहीं छोड़ेगा, हम आतंकवाद को जड़ से मिटा देंगे। पहलगाम में क्रूर हत्याओं के दोषियों को ऐसी सजा मिलेगी, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। आतंकवाद के प्रति मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ नारा नहीं है, यह हमारी प्रतिबद्धता है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू परम पावन पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में भाग लेने रोम पहुंचीं.

## दर्दनाक हादसा : राइस मिल में ड्रायर फटने से लगी आग, दम घुटने से 5 मजदूरों की मौत, 3 की हालत गंभीर

बहराइच(आरएनएस)। दरगाह क्षेत्र के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा स्थित रजगढिया राइस मिल में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ। मिल में लगे ड्रायर के फटने से भीषण आग लग गई, जिसमें पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान कन्नौज के गडवना सौर्य निवासी गफ्फार अली (40), बबलू (28), राजनेश कुमार (35), श्रावस्ती के सिरसिया निवासी जहूर (50) व बिहार के बिहारीगंज मदेहपुरा निवासी बिट्टू शाह (30) के रूप में हुई है।घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। मौके पर दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## पाकिस्तान में चाहे घुसकर मारो, हम हर कदम पर साथ देंगे; ब्रिटिश सांसद का भारत को पैगाम

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम में हुए हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा है। वहीं, भारत की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ कई फैसले लिए गए है। इस बीच ब्रिटेन के एक वरिष्ठ सांसद ने कहा है कि भारत अगर पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करे तो भी वह भारत का समर्थन करेंगे।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए ब्रिटेन स्थित भारतीय उच्चायोग में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान ब्रिटेन के कई सांसद और बड़ी हस्तियां भी शामिल हुए। सभा में बोलते हुए ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने भारत के समर्थन में एक सशक्त और भावनात्मक बयान दिया। उन्होंने कहा कि जो भी कदम भारत सरकार इस हमले के बाद उठाना उचित समझे - चाहे वह सैन्य कार्रवाई ही क्यों न हो - उन्हें उसका पूरा समर्थन है। ब्लैकमैन ने कहा, हम यहां दुख साझा करने आए हैं। जब आतंकी हमला करता है, तो वह पूरी मानवता के दिलों पर हमला करता है। यह हमला धार्मिक आधार पर नफरत को दर्शाता है, और इसे कतई सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे को ब्रिटिश संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) में उठाया और सरकार से आग्रह किया कि वह भारत के प्रति अपना समर्थन स्पष्ट रूप से जताए।उन्होंने जोर देते हुए कहा, मेरी व्यक्तिगत राय में, भारत जो भी कदम आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ उठाएगा, हमें उसका समर्थन करना चाहिए। अगर आतंकियों को न्याय के कटघरे में नहीं खड़ा किया जा सकता, तो उन्हें खत्म कर दिया जाना चाहिए। मेरी उम्मीद है कि ब्रिटेन के सभी राजनीतिक दल भारत के साथ खड़े होंगे, चाहे वह कार्रवाई एलओसी के पार सैन्य रूप में ही क्यों न हो। बॉब ब्लैकमैन इंग्लैंड के हैरो ईस्ट से कंजर्वेटिव सांसद हैं। वे भारत के पद्म श्री पुरस्कार से भी सम्मानित हैं। ब्लैकमैन ने अपने कश्मीर दौरे को याद करते हुए कहा कि उन्होंने 9 साल पहले कश्मीर घाटी की यात्रा की थी और घाटी की सुंदरता उनके मन में आज भी बसी हुई है। उन्होंने कहा, आतंकी चाहते हैं कि घाटी में पर्यटन न हो, लेकिन हम उन्हें ऐसा करने नहीं देंगे।

## पहलगाम के बाद सिक्किम में पर्यटकों पर आई आफत, 1000 लोगों की जान सांसत में

गंगटोक(आरएनएस)। सिक्किम में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हुई है। इस भूस्खलन से उत्तरी सिक्किम में करीब 1,000 पर्यटक फंस गए हैं। वहां पर अभी भी भारी बारिश हो रही है। स्थानीय प्रशासन की ओर से स्थिति को सामान्य करने की कोशिश जारी है। कल चुंगथांग में करीब 200 पर्यटकों की गाडियां फंसी हुई थी।खराब मौसम और सडक़ यातायात में आ रही परेशानी की वजह से अधिकारियों ने आज उत्तरी सिक्किम के लिए पहले से निर्धारित सभी ट्रैवल परमिट रद्द कर दिए हैं। पहले जारी किए गए अग्रिम परमिट भी अमान्य घोषित कर दिए गए हैं। लाचुंग और लाचेन हिल स्टेशन हैं, जो गुरुडोंगमार झील और युमथांग घाटी के कारण अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाने जाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण स्थिति और खराब हो गई है। सिक्किम में अगली सूचना तक पर्यटकों के आने पर रोक लगा दी गई है।

## पहलगाम हमले के बाद महाराष्ट्र लौटेंगे 232 पर्यटक, फडणवीस सरकार ने किया विशेष उड़ानों का प्रबंध

मुंबई (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद महाराष्ट्र के पर्यटकों को सुरक्षित वापस लाने के लिए राज्य सरकार ने विशेष उड़ानों की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर अब तक लगभग 500 पर्यटक श्रीनगर से मुंबई लौट चुके हैं। आज इंडिगो की तीसरी विशेष उड़ान 232 पर्यटकों को लेकर दोपहर में श्रीनगर से रवाना होगी और शाम को मुंबई पहुंचेगी।

पहलगाम के बैसरन वैली में हुए इस आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें महाराष्ट्र के छह पर्यटक भी शामिल थे। इस घटना के बाद कश्मीर में फंसे पर्यटकों में दहशत फैल गई, जिसके चलते महाराष्ट्र सरकार





ने तुरंत उनके लौटने की व्यवस्था की। गुरुवार को इंडिगो और एयर इंडिया की दो विशेष उड़ानों के जरिए 184 पर्यटकों को श्रीनगर से मुंबई लाया गया। इनमें से एक उड़ान में 65 पर्यटक सुबह मुंबई पहुंचे थे। सभी खर्च राज्य सरकार वहन कर रही है। आज की तीसरी विशेष उड़ान (इंडिगो 6E 3251) 232 पर्यटकों को लेकर शाम 5:45 बजे मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर उतरेगी। इस उड़ान में शामिल यात्रियों की सूची राज्य सरकार ने पहले ही जारी कर दी है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल इस पर निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर और विशेष उड़ानें संचालित की जाएंगी ताकि सभी पर्यटक सुरक्षित घर लौट सकें। महाराष्ट्र सरकार ने श्रीनगर में फंसे पर्यटकों की सहायता के लिए वरिष्ठ बीजेपी नेता और मंत्री गिरीश महाजन को वहां भेजा है। मुंबई हवाई अड्डे पर व्यवस्था संभालने के लिए बीजेपी नेता आशीष शेलार और मंगल प्रभात लोढ़ा को जिम्मेदारी दी गई है।

## पिछड़े वर्गों को नौकरियों में आरक्षण दिया जाए : वडिंग

चंडीगढ़, (आरएनएस)। पंजाब कांग्रेस ने गुरुवार को मांग की कि राज्य सरकार को पिछड़े वर्गों को विभिन्न नौकरियों में आरक्षण प्रदान करने के लिए राज्य में कांग्रेस सरकार द्वारा 2006 में पारित किए कानून को लागू करना चाहिए, जिसमें कानून अधिकारियों की नियुक्ति भी शामिल है।

पंजाब कांग्रेस भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने पीसीसी के ओबीसी विभाग के अध्यक्ष राज बख्श कंभोज, अर्शप्रीत खडियाल और बरनाला के विधायक कुलदीप ढिल्लों के साथ कहा कि यह कांग्रेस सरकार ही थी जिसने 2006 में विभिन्न नौकरियों में पिछड़े वर्गों को 12 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला कानून पारित किया था, यह फिर से कांग्रेस सरकार ही थी जिसने 2021 में अधिनियम को अधिसूचित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि दस साल तक सत्ता में रहने वाली अकाली-भाजपा सरकार कानून को लेकर सोती रही। उन्होंने कहा कि आप ने भी यही किया, लेकिन जब उसने कानून को आंशिक रूप से ही लागू किया है, क्योंकि इससे पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाया।

## हिसार से पाकिस्तानी हिंदू परिवार को दिल्ली भेजा गया, वीजा खत्म होने के बाद भी रह रहे थे 15 सदस्य



हिसार, (आरएनएस)। हरियाणा के हिसार जिले के बालसमंद गांव में पिछले सात महीने से रह रहे एक 15 सदस्यीय पाकिस्तानी हिंदू परिवार को पुलिस ने दिल्ली भेज दिया है। यह कार्रवाई हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले और परिवार के वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद की गई है।

वीजा खत्म होने के बाद भी भारत में रह रहा था परिवार

जानकारी के अनुसार, यह परिवार पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हैदराबाद शहर से भारत आया था। इसमें 3 लड़कियां, 8 बच्चे, 3 महिलाएं और एक बुजुर्ग शामिल हैं। परिवार का 45 दिन का वीजा 25 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया था, लेकिन वे इसके बाद भी बालसमंद में ही रह रहे थे। परिवार ने एक निजी अस्पताल की जमीन पर बने कमरे में शरण ले रखी थी और खेतों में दिहाड़ी मजदूरी कर अपना जीवनयापन कर रहा था।

**पाकिस्तान वापस जाने से इनकार, प्रताड़ना का लगाया आरोप**

परिवार के सदस्यों का कहना है कि वे पाकिस्तान वापस नहीं जाना चाहते क्योंकि वहां उन्हें कथित तौर पर प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने भारत में ही रहने की इच्छा जताई थी और वीजा समाप्त होने के बाद दिल्ली से लॉन्ग टर्म वीजा (LTV) के लिए आवेदन भी किया था।

पहलगाम हमले के बाद सरकार का सख्त रुख

गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तानियों को जारी सार्क वीजा रद्द कर दिया था और सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया था। इसी पृष्ठभूमि में हिसार पुलिस ने यह कदम उठाया है।

सूत्रों के मुताबिक, इस परिवार को भारत लाने में दिल्ली निवासी हरिओम नामक व्यक्ति ने मदद की थी, जो राजस्थान के जैसलमेर में रह रहे पाकिस्तानी विस्थापितों की सहायता करते हैं। हरिओम ने जैसलमेर में ही रह रहे दयालदास (जो खुद 2011 से पाक वीजा पर भारत में थे) की मदद की थी। दयालदास ने ही हरिओम को इस परिवार के बारे में बताया था, जिसके बाद इन्हें पाकिस्तान से भारत लाकर हिसार के बालसमंद में बसाया गया था।

### कपिल सिब्बल ने की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग, कहा- हम सरकार के साथ खड़े हैं

नई दिल्ली (आरएनएस)। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। सभी लोग सरकार के साथ खड़े हैं, क्योंकि यह देश की संप्रभुता पर हमला है।

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी से अपील करता हूं कि उन्हें संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। इस सत्र में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर चर्चा होनी चाहिए और सरकार को सभी नेताओं से सुझाव लेने चाहिए। सभी लोग सरकार के साथ खड़े हैं, क्योंकि यह देश की संप्रभुता पर हमला है।

उन्होंने आगे कहा, मासूम पर्यटकों पर गोली चलाना इंसानियत का काम नहीं है। मैं यही कहूंगा कि आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी होता है और उसका कोई मजहब या धर्म नहीं होता है। पाकिस्तान आतंकवाद के जरिए अपने मुद्दों को दुनिया के सामने लाने की कोशिश कर रहा है।

## दिल्ली पुलिस ने मेधा पाटकर को किया गिरफ्तार, कोर्ट ने जारी किया था गैर-जमानती वारंट

नई दिल्ली (आरएनएस)। नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटेकर को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी एक डिफेमेशन (मानहानि) मामले में की गई है। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था।

कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार सुबह मेधा पाटकर को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। बुधवार को ही अदालत ने मेधा पाटकर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। यह कार्रवाई उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि के मामले में दोषसिद्धि के बाद की गई है। मामला दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 2001 में दर्ज कराया था। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने कहा था कि मेधा पाटकर अदालत में उपस्थित नहीं हुईं और उन्होंने जानबूझकर सजा से जुड़े आदेश का पालन नहीं किया। पाटकर की मंशा स्पष्ट रूप से अदालत के आदेश की अवहेलना करने और सुनवाई से बचने की थी। चूंकि सजा पर कोई स्थगन आदेश मौजूद नहीं है, इसलिए कोर्ट ने कहा कि पाटकर को पेश कराने के लिए अब दबाव का सहारा लेना अनिवार्य हो गया है। अगली तारीख के लिए दोषी मेधा पाटकर के खिलाफ दिल्ली पुलिस आयुक्त के कार्यालय के माध्यम से गैर-जमानती वारंट जारी किया जाए। इस मामले पर अगली सुनवाई तीन मई को होगी।

बता दें कि मेधा पाटकर ने पिछले वर्ष मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ अपील की थी। अपील में उन्हें जमानत मिल गई थी और उन्हें दी गई पांच महीने की कैद और 10 लाख रुपये के जुर्माने की सजा को स्थगित कर दिया गया था। यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दर्ज किया गया था।



विनय कुमार सक्सेना ने 2001 में यह मामला दर्ज कराया था, जब वह अहमदाबाद स्थित एनजीओ 'नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज' के प्रमुख थे। सक्सेना ने कहा था कि मेधा पाटकर ने 25 नवंबर 2000 को जारी एक प्रेस नोट में उन्हें कायर व देश विरोधी होने और उन पर हवाला लेनदेन में शामिल होने का आरोप लगाया था। मामले में कोर्ट ने पाटकर को दोषी ठहराते हुए कहा था कि उनके बयान जानबूझकर, दुर्भावनापूर्ण और सक्सेना की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से दिए गए थे।

# न्यू बिगनिंग' की झलक के साथ जान्हवी कपूर ने शेयर की दिल छू लेने वाली तस्वीरें, फैंस ने बरसाया प्यार



बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ बेहद प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक सफेद फर वाले डॉगी के साथ खेलती नजर आ रही हैं. व्हाइट शर्ट में कैजुअल और ग्लोइंग लुक में जान्हवी का यह अंदाज़ सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत रहा है. इन तस्वीरों के साथ जान्हवी ने कैप्शन में लिखा ङ्क नई शुरुआत के लिए उत्साहित प्यारजोरहताहै स लवआदि. इन फोटोज़ में जान्हवी जिस तरह से अपने डॉगी के साथ हंसते हुए नजर आ रही हैं, वह उनके नेचर और एनर्जी को साफ़ बयां करता है.

जैसे ही तस्वीरें सामने आईं, सोशल मीडिया पर फैन्स की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई. एक यूज़र ने कमेंट किया ङ्क सफ़ेद प्यारी तो वहीं दूसरे ने लिखा ङ्क सुंदर. एक अन्य फैन ने कमेंट किया ङ्क रानी हो आप जान्हवी. इस पोस्ट को शनाया कपूर समेत कई बॉलीवुड फ्रेंड्स ने लाइक किया है, और फैंस लगातार कमेंट्स में हार्ट और फायर इमोजी से भर रहे हैं. जान्हवी की ये तस्वीरें न केवल उनकी खूबसूरती को दर्शाती हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि वह जानवरों के प्रति कितनी प्यार भरी और संवेदनशील हैं.

जान्हवी कपूर की यह पोस्ट एक बार फिर साबित करती है कि क्यों वह सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली यंग एक्ट्रेसेस में से एक हैं.

## फिल्म केसरीः चैप्टर 2 का कारोबार 50 करोड़ रुपये की ओर, छठे दिन हुई इतनी कमाई

अक्षय कुमार की फिल्म केसरी: चैप्टर 2 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है।

हालांकि, पिछले 2 दिन से फिल्म के कारोबार में गिरावट देखने को मिली है। इसके बावजूद धीरे-धीरे ही सही, लेकिन भारत में इस फिल्म की कमाई 50 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है।आइए जानें केसरी 2 ने छठे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने रिलीज के छठे दिन 3.20 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 42.20 करोड़ रुपये हो गया है।

केसरी 2 ने 7.75 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी। दूसरे दिन यह फिल्म 9.75 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 12 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

चौथे दिन इस फिल्म ने 4.5 करोड़ रुपये और पांचवें दिन 5 करोड़ रुपये कमाए।

केसरी 2 का निर्देशन करण सिंह त्यागी ने किया है, जबकि करण जौहर फिल्म के निर्माता हैं।

# शैतान के बाद जानकी बोदीवाला के हाथ लगी मर्दानी 3, किरदार से भी उठा पर्दा

काफी समय से अभिनेत्री रानी मुखर्जी अपनी सुपरहिट फ्रैंचाइजी मर्दानी की तीसरी मर्दानी 3 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।वह एक बार फिर पुलिस की वर्दी में धाक जमाने को तैयार हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान अभिराज मीनावाला ने संभाली है।अब मर्दानी 3 में अभिनेत्री जानकी बोदीवाला की एंट्री हो चुकी है। इसके साथ उनके किरदार से भी पर्दा उठ गया है।रिपोर्ट के अनुसार, रानी की मर्दानी 3 की स्टार कास्ट में जानकी शामिल हो गई हैं।वह फिल्म में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। उन्होंने मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।जानकी ने साल 2024 में आई फिल्म शैतान के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने फिल्म में अजय देवगन की बेटी का किरदार निभाया था।जानकी ने 2015 में फिल्म छैलो दिवस से अपने अभिनय करियर की शुरआती की थी।मर्दानी 3 की रिलीज तारीख से पहले ही पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 27 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।अभिराज मीनावाला ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, वहीं आदित्य चोपड़ा फिल्म के निर्माता हैं।बता दें मर्दानी 22 अगस्त, 2014 में रिलीज हुई थी, वहीं फिल्म का दूसरा भाग 2019 में आया था।फिल्म में रानी ने पुलिस अफसर शिवानी शिवाजी रॉय का किरदार निभाया था। इसके निर्देशक प्रदीप सरकार थे।



# सरदार 2 के हिंदी प्रोलॉग से मचा धमाल, इंटरनेशनल मिशन पर लौटा कार्थी का दमदार अवतार

**साउथ सिनेमा के पॉपुलर डायरेक्टर पी.एस. मिथरन एक बार फिर एक्शन और थ्रिल की दुनिया में तहलका मचाने को तैयार हैं। 2022 में आई सुपरहिट फिल्म 'सरदार' के बाद अब 'सरदार 2' का धमाकेदार हिंदी प्रोलॉग रिलीज हो गया है, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। इस प्रोलॉग में हाई-ऑक्टेन एक्शन, इंटरनेशनल मिशन और कार्थी की स्वैग से भरी वापसी ने दर्शकों को पूरी तरह दीवाना बना दिया है।**




पी.एस. मिथरन की स्पाई यूनिवर्स की यह दूसरी पेशकश न केवल तकनीकी तौर पर और भी मजबूत दिख रही है, बल्कि इसकी स्केल और स्टोरीलाइन भी पहले से कहीं ज्यादा ग्रैंड नजर आ रही है। प्रोलॉग से साफ है कि इस बार कहानी ग्लोबल लेवल पर खेलने वाली है, जहां खतरा और मिशन दोनों का स्तर कई गुना ज्यादा है।

कार्थी एक बार फिर अपने सबसे बेहतरीन अवतार में लौटे हैं। उनके किरदार की गंभीरता, एक्शन सीक्वेंसेस में तेजी और संवादों की धार सब कुछ दर्शकों को सीट से बांधकर रखने का दम रखते हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक भी हर सीन को और अधिक रोंगटे खड़े कर देने वाला बनाता है।

'सरदार 2' की स्टारकास्ट भी कमाल की है ङ्क कार्थी के साथ एसजे सूर्या, मालविका मोहनन, आशीका रंगनाथ, योगी बाबू और रजिषा विजयन जैसे कलाकार इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाने वाले हैं। प्रोडक्शन की जिम्मेदारी प्रिंस पिक्चर्स और आइवी एंटरटेनमेंट ने संभाली है, वहीं डायरेक्टर मिथरन अपने विज़न से एक और मास्टरपीस लाने की तैयारी में हैं।'सरदार 2' को तमिल के साथ-साथ हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा, जिससे यह पूरे देश में एक बड़ा पैन-इंडिया इम्पैक्ट बनाने वाली है।इस फिल्म का प्रोलॉग एक झलक है उस नई जंग की, जहां देश के दुश्मनों से लड़ाई अब सीमाओं से बाहर जा चुकी है। पी.एस. मिथरन की लेखनी और निर्देशन, कार्थी की दमदार परफॉर्मेंस और इंटरनेशनल स्केल का यह मिशन 'सरदार 2' को 2025 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बना रहा है। क्या आप तैयार हैं इस बार की सबसे खतरनाक जासूसी कहानी के लिए?

## भूल चुक माफ का नया गाना चोर बाजारी फिर से जारी, रोमांस करते दिखे राजकुमार-वामिका

अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म भूल चुक माफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान करण शर्मा ने संभाली है।इस फिल्म में राजकुमार की जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे। अब भूल चुक माफ का नया गाना चोर बाजारी फिर से रिलीज हो गया है, जिसमें राजकुमार और वामिका डांस करते दिख रहे हैं।चोर बाजारी फिर से गाने को नीरज श्रीधर, सुनिधि चौहान, जहराह एस खान और तनिष्क बागची ने मिलकर गाया है। इस गाने के बोल इरशाद कामिल हैं। यह फिल्म 9 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण हुआ है।

फिल्म में राजकुमार ने रंजन तो वामिका ने तितली का किरदार निभाया है। सीमा पहवा इस फिल्म में राजकुमार की मां बनी हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की जाट की कमाई में गिरावट जारी, 14वें दिन रहा ऐसा हाल

साउथ के जाने-माने निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी के निर्देशन में बनी फिल्म जाट को बीते 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। खास बात यह है कि इस फिल्म के हीरो सनी देओल हैं।इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।अब जाट की कमाई के 14वें दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जाट ने अपनी रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 1.09 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस



कलेक्शन 79.22 करोड़ रुपये हो गया है।इस फिल्म में सनी का सामना रणदीप हुड्डा से हो रहा है। रणदीप ने फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाई है। उनकी अदाकारी की लोग काफी प्रशंसा कर रहे हैं।अभिनेता विनीत कुमार सिंह ने भी फिल्म में अहम भूमिका निभाई है।बीते दिन सनी ने जाट के सीक्वल का ऐलान किया था। उन्होंने लिखा था, अपने नए मिशन पर निकला जाट। जाट 2 के लिए हो जाएं तैयार।मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद जाट ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो सकती है। फिल्म का प्रीमियर अगले महीने की शुरुआत तक हो सकता है।

# गर्मियों के दौरान अपने लिपस्टिक कलेक्शन में शामिल करें ये 5 शेड

गर्मियों के दौरान लिपस्टिक का चयन करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है क्योंकि इस मौसम में पसीना और नमी के कारण लिपस्टिक के शेड बदल सकते हैं।हालांकि, अगर आप अपनी लिपस्टिक कलेक्शन में सही शेड शामिल करें तो इस समस्या से बच सकते हैं।आइए आज हम आपको पांच ऐसे लिपस्टिक शेड के बारे में बताते हैं, जो न केवल इस मौसम के लिए सही हैं, बल्कि आपको गर्मियों में भी स्टाइलिश लुक देंगे।

### कोरल शेड लिपस्टिक



कोरल लिपस्टिक गर्मियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है क्योंकि यह आपके होंठों को एक अच्छा लुक देती है।यह शेड न केवल आपके चेहरे की रंगत को निखारता है, बल्कि आपको एक ताजगी भरा और युवा दिखाता है।कोरल शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं।इस शेड का चयन करके आप गर्मियों में भी बेहद खूबसूरत लगेंगी।

### रेड शेड लिपस्टिक

रेड शेड लिपस्टिक कभी भी फैशन से बाहर नहीं होती और हर मौसम में चलन में रहती है।

गर्मियों में इसे लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है। रेड शेड लिपस्टिक आपके होंठों को एक चमकदार और बोल्ड लुक देती है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं।इस शेड का चयन करके आप गर्मियों में भी बेहद खूबसूरत लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### फूशिया शेड लिपस्टिक

फूशिया शेड लिपस्टिक एक ऐसा रंग है, जो आपके होंठों को न केवल चमकदार बनाता है, बल्कि पूरे चेहरे को भी ताजगी भरा लुक देता है।इस शेड का चयन करके आप हर मौके पर खास लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।फूशिया शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं। यह शेड गर्मियों में भी बहुत सुंदर दिखता है।

### रोज शेड लिपस्टिक

रोज लिपस्टिक एक ऐसा शेड है, जो आपके होंठों को प्राकृतिक सुंदरता से भर देता है और उन्हें नमी भी प्रदान करता है।इस शेड का चयन करके आप हर मौके पर खास लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।रोज शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं।

### न्यूड शेड लिपस्टिक

न्यूड लिपस्टिक एक ऐसा शेड है, जो आपके होंठों को प्राकृतिक लुक देता है। इस शेड का चयन करके आप हर मौके पर खास लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।न्यूड शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं। यह शेड गर्मियों में भी बहुत सुंदर दिखता है, जिससे आप हर मौके पर खास लगेंगी।

# नाक के मुंहासे से हैं परेशान? इन 5 घरेलू नुस्खों को आजमाएं



नाक के मुंहासे एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र में हो सकती है। ये मुंहासे न केवल असुविधाजनक होते हैं, बल्कि चेहरे की सुंदरता को भी प्रभावित करते हैं।

इस लेख में हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनसे आप नाक के मुंहासों से राहत पा सकते हैं और अपने चेहरे को साफ-सुथरा रख सकते हैं।इन नुस्खों को अपनाकर आप आसानी से इन समस्याओं का सामना कर सकते हैं।

### खाने का सोडा का इस्तेमाल करें

खाने का सोडा एक असरदार सामग्री है, जो आपकी नाक के मुंहासों को कम करने में मदद कर सकती है। इसे पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे प्रभावित क्षेत्र पर हल्के हाथों से लगाएं। 5-10 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। यह प्रक्रिया त्वचा की गंदगी को साफ करती है और मुंहासों को कम करने में मदद करती है।नियमित उपयोग से आपको बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

### एलोवेरा जेल लगाएं

एलोवेरा जेल एक प्राकृतिक उपाय है, जो नाक के मुंहासों को कम करने में मदद करता है।एलोवेरा में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो सूजन को कम करते हैं और त्वचा को ठंडक पहुंचाते हैं।इसे रोजाना रात को सोने से पहले अपनी नाक पर लगाएं और सुबह उठकर धो लें। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा मुलायम और स्वस्थ बनी रहेगी।यह उपाय न केवल असरदार है, बल्कि त्वचा को पोषण भी देता है।

### टी ट्री तेल का प्रयोग करें

टी ट्री तेल एक में जीवाणुरोधी गुण होते हैं, जो नाक के मुंहासों को कम करने में सहायक हो सकते हैं।लाभ के लिए इसे रूई पर लेकर प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और रातभर छोड़ दें। सुबह उठकर चेहरे को साफ पानी से धो लें। यह उपाय त्वचा को ताजगी देता है और मुंहासों को कम करने में मदद करता है।नियमित उपयोग से आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहेगी।

### नींबू का रस लगाएं

नींबू का रस विटामिन-सी से भरपूर होता है, जो त्वचा की सफाई करता है और मुंहासों को कम करता है।लाभ के लिए एक कप पानी में नींबू का रस मिलाकर रूई की मदद से प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। 15 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। यह प्रक्रिया त्वचा की गंदगी को साफ करती है और नमी प्रदान करती है।नियमित उपयोग से आपकी त्वचा मुलायम और स्वस्थ बनी रहती है।

### शहद का उपयोग करें

शहद एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है, जो त्वचा को नरम बनाता है और मुंहासों को कम करता है।लाभ के लिए रोजाना रात को सोने से पहले अपनी नाक पर थोड़ा-सा शहद लगाएं और सुबह उठकर धो लें।इन घरेलू नुस्खों को अपनाकर आप आसानी से अपनी नाक के मुंहासों से राहत पा सकते हैं और अपने चेहरे को साफ-सुथरा रख सकते हैं।इन नुस्खों का नियमित उपयोग आपकी त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करेगा।

## पाकिस्तानी पत्रकार ने पहलगाम पर पूछा सवाल तो अमेरिकी प्रवक्ता ने दिखाया आईना; कहा- हम भारत के साथ हैं

वॉशिंगटन ,(आरएनएस) । पहलगाम आतंकी हमले को लेकर एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पाकिस्तानी पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने स्पष्ट जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगी, शायद हम किसी और विषय पर वापस आएंगे।

ब्रूस ने कहा, राष्ट्रपति और उप सचिव पहले ही अपनी बात रख चुके हैं। अमेरिका भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद की निंदा करता है। हम मृतकों के प्रति संवेदना जताते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात कर हमले पर दुख जताया और भारत को न्याय दिलाने में हर संभव मदद का भरोसा दिया। बिहार के मधुबनी में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत इस हमले में शामिल आतंकियों और उनके समर्थकों को सज़ा देकर रहेगा। हम उनका पीछा अंत तक करेंगे।

## पाकिस्तान ने कबूली आतंकियों को पनाह देने की बात, बोले- हम 3 दशकों से कर रहे हैं ये गंदा काम



इस्लामाबाद (आरएनएस) । आतंकवाद के समर्थन के आरोपों का सामना कर रहे पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान ने आतंकियों को पाला है। यह बयान जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकवादी हमले के बाद आया है, जिसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान जब आसिफ से पूछा गया कि क्या वह यह मानते हैं कि आतंकवादी संगठनों को फंड देने और प्रशिक्षण देने का पाकिस्तान का लंबा इतिहास रहा है, तो उन्होंने जवाब दिया, 'हम यह गंदा काम अमेरिका और ब्रिटेन सहित पश्चिम के लिए तीन दशकों से कर रहे हैं। वह गलती थी और हम इसके कारण भुगत रहे हैं।'

रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि इंटरव्यू के दौरान उन्होंने लश्कर-ए-तैयबा के अस्तित्व से इनकार किया और द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) के बारे में जानकारी न होने की बात कही। उन्होंने कहा, 'लश्कर पुराना नाम है। यह अब नहीं है।'इस बीच, पाकिस्तान ने गुरुवार को भारत के साथ शिमला समझौते और अन्य द्विपक्षीय समझौतों को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही सभी प्रकार के व्यापार पर रोक लगा दी गई और भारतीय एयरलाइन के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया। पाकिस्तान ने यह भी कहा कि सिंधु जल संधि के तहत उसके हिस्से के पानी के प्रवाह को रोकने या मोड़ने का कोई भी प्रयास युद्ध के समान माना जाएगा।

पाकिस्तान ने वाघा सीमा चौकी को भी बंद कर दिया है, दक्षेस वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत भारतीय नागरिकों को जारी सभी वीजा निलंबित कर दिए हैं और भारतीय उच्चायोग में सैन्य सलाहकारों को वापस जाने को कहा है।गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया था, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी।

## पहलगाम हमला : यूएन प्रमुख ने भारत-पाकिस्तान से क्या अपील की?

संयुक्त राष्ट्र (आरएनएस) । पहलगाम आतंकी हमले के बाद उपजे भारत-पाक तनाव के बीच यूएन प्रमुख ने दोनों देशों से अधिकतम संयम बरतने की अपील की। एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि नई दिल्ली-इस्लामाबाद आपसी मुद्दों को शान्तिपूर्ण ढंग और पारस्परिक बातचीत से सुलझाए जाने की अपील की।

यूएन प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को एक पत्रकार के सवाल के जवाब में कहा कि महासचिव ने, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की निंदा की। प्रवक्ता ने कहा कि यूएन प्रमुख का सीधे तौर पर दोनों देशों के साथ फिलहाल कोई संपर्क नहीं हुआ, मगर वह मौजूदा हालात से चिंतित हैं और घटनाक्रम पर करीबी नजर रखे हुए हैं।हथियारबंद आतंकियों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोगों के घायल हो गए। इस हमले के भारत-पाक के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है।महासचिव गुटेरस ने ध्यान दिलाया कि आम नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए हमलों को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।यूएन प्रमुख के प्रवक्ता ने भारत और पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि हालात और नहीं बिगड़ें। प्रवक्ता ने कहा, हमारा मानना है कि पाकिस्तान और भारत के बीच कोई भी मुद्दा शान्तिपूर्ण, अर्थपूर्ण और पारस्परिक संपर्क और बातचीत से सुलझाया जा सकता है।

## थाईलैंड : पुलिस विमान समुद्र में गिरा, छह लोगों की मौत

बैंकॉक (आरएनएस) । थाईलैंड के हुआ हिन रिसॉर्ट शहर में शुक्रवार सुबह पुलिस विमान क्रैश हो गया। हादसे में छह लोगों की जान चली गई।

थाई राष्ट्रीय पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर बताया कि पुलिस विमानन विभाग का विमान हुआ हिन हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद फेत्चाबुरी प्रांत के चा-आम जिले के पास समुद्र में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी छह लोग मारे गए।पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई, जब विमान पैराशूट प्रशिक्षण के लिए उड़ान भर रहा था। विमान में सवार सभी छह लोग पुलिस अधिकारी थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया।वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि विमान समुद्र में गिर रहा था। शुरुआती जांच में पता चला है कि उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद प्लेन के इंजन में खराबी आ गई। पुलिस ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी। फेत्चाबुरी प्रांत के पुलिस आपातकालीन केंद्र ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 8ः15 बजे एक स्थानीय रिसॉर्ट के पास समुद्र में विमान गिरने की सूचना मिली।रॉयल थाई पुलिस के प्रवक्ता पोल लेफ्टिनेंट जनरल अर्चायोन क्रैथोंग ने कहा कि यह घटना हुआ हिन में पैराशूट प्रशिक्षण अभ्यास की तैयारी के लिए की जा रही परीक्षण उड़ान के दौरान हुई। बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ितों की पहचान पोल कर्नल प्रथान खिवखम, पोल लेफ्टिनेंट कर्नल पंथेप मणिवाचिरांगकुल और पोल कैप्टन चतुरावोंग वट्टानापाइसर्न के साथ-साथ विमान इंजीनियर पोल लेफ्टिनेंट थानावत मेकप्रासर्ट और मैकेनिक पोल एल/कार्पल जीरावत मक्साखा और पोल सार्जेंट मेजर प्रवत फोलहोंगसा के रूप में हुई।

अधिकारियों ने विमान के मॉडल की पुष्टि नहीं की, लेकिन घटनास्थल से मिली तस्वीरों से पता चलता है कि यह एक वाइकिंग डीएससी -6 ट्विन ओटर था। विमान तट से लगभग 100 मीटर दूर समुद्र में गिरा। तस्वीरों में दिख रहा है कि विमान आधा डूबा हुआ था और दो टुकड़ों में टूट गया था।

## सबसे अमीर इंसान एलन मस्क की बेटी ही नहीं जानती उसके कितने बहन-भाई

### -21 साल की विवियन, मस्क की पहली पत्नी जस्टिन मस्क की संतान है

सैन फ्रांसिस्कों (ए)। अमेरिका के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क की अब उनके निजी जीवन की भी होने लगी है। सार्वजनिक



रूप से मौजूद जानकारी के मुताबिक मस्क के 14 बच्चे हैं। उनमें से एक उनकी ट्रांसजेंडर बेटी विवियन जेना विल्सन हैं। उन्होंने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि उसे यह तक नहीं पता कि उसके कितने भाई-बहन हैं। 21 साल की विवियन, मस्क की पहली पत्नी जस्टिन मस्क की संतान हैं और बीते कुछ सालों से अपने पिता से अलग रह रही है। विवियन ने कहा कि वह सच में नहीं जानती कि उसके कितने भाई-बहन हैं, उन्होंने यह भी बताया कि मस्क की शिवॉन जिलिस के साथ बच्चे होने की जानकारी उन्हें भी आम लोगों के साथ ही मिली। मस्क और शिवॉन के अब चार बच्चे हैं, जिनमें से एक का जन्म इसी साल फरवरी में हुआ था। विवियन का अपने पिता से रिश्ता इतना तनावपूर्ण है कि उन्होंने 2022 में कानूनी रूप से अपना नाम बदल लिया था। पहले वह ज़ेवियर मस्क के नाम से जानी जाती थीं। उन्होंने अपनी मां का सरनेम अपनाया और कोर्ट में ये भी लिखा कि वह किसी भी रूप में अपने जैविक पिता से जुड़ी नहीं रहना चाहती है।मार्च में विवियन ने इंस्टाग्राम थ्रेड्स पर आरोप लगाया था कि एलन मस्क ने बेटे पाने के लिए सेक्स-सेलेक्टिव आईवीएफ का इस्तेमाल किया।

## पुतिन पर भड़के ट्रंप कहा- रुक जाओ अब बहुत हो गया, यूक्रेन को भी दी नसीहत



वॉशिंगटन(ए)। बीते तीन सालों से चल रहे रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच गुरुवार को रूस ने यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन से एक बड़ा हमला किया। इस हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कीव पर अटैक रोकने की अपील की। ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा, मैं कीव पर रूस के हमलों से खुश नहीं हूं। यह जरूरी नहीं था और इसका समय भी बहुत खराब था। व्लादिमीर, रुको! हर हफ्ते 5000 सैनिक मर रहे हैं। चलो शांति समझौता करें! ट्रंप ने यह भी दावा किया कि रूस का 'पूरा यूक्रेन न कब्जाना' रूस की ओर से एक 'बड़ा रियायत' है।

ट्रंप प्रशासन ने पेरिस में एक शांति प्रस्ताव पेश किया, जिसमें यूक्रेन से बड़ा बलिदान देने को कहा गया है। इसमें कहा गया है कि क्रीमिया रूस का हिस्सा माना जाएगा और यूक्रेन को रूस को बड़े क्षेत्र सौंपने होंगे। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा, 'सीमाओं को मौजूदा स्थिति में फ्रीज करना चाहिए।' ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि रूस का 'युद्ध रोकना' और 'पूरा यूक्रेन न लेना' एक बड़ा समझौता है। लेकिन जेलेंस्की ने इसे ठुकरा दिया, क्योंकि यह यूक्रेन के संविधान के खिलाफ है। ट्रंप के प्रस्ताव से अमेरिका के सहयोगी देश चिंतित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक यूरोपीय राजनयिक ने कहा, 'अगर यूक्रेन को अपनी जमीन छोड़ने के लिए मजबूर किया गया, तो यूरोप या दुनिया का कोई भी देश सुरक्षित नहीं रहेगा, चाहे वह नाटो में हो या नहीं।' उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का उल्लंघन बताया। एशियाई सहयोगी, खासकर चीन को लेकर चिंतित हैं। एक एशियाई राजनयिक ने कहा, 'चीन देख रहा है। अगर रूस को उसकी हिंसा के लिए पुरस्कार मिला, तो यह खतरनाक संदेश होगा।' यूरोपीय अधिकारी इस प्रस्ताव को नहीं मानेंगे, जिससे अमेरिका अलग-थलग पड़ सकता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रूस के हमलों की निंदा करते हुए कहा, 'पुतिन झूठ बोल रहे हैं। वह शांति की बात करते हैं, लेकिन बम बरसाते हैं।'रूस के हमले में कीव में 12 लोग मारे गए और 90 घायल हुए, जिससे युद्ध और गहरा गया है। गुरुवार तड़के रूस ने कीव पर 70 मिसाइलों और 145 ड्रोनों से हमला किया, जो जुलाई 2024 के बाद सबसे घातक हमला था। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं के मुताबिक, 13 जगहों पर नुकसान हुआ, जिनमें रिहायशी इमारतें और नागरिक ढांचे शामिल हैं।



# आईपीएल में आज होगा केकेआर और पंजाब किंग्स का मुकाबला

कोलकाता (ए)। पंजाब किंग्स की टीम शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर जीत के इरादे से उतरेगी। आईपीएल के इस सत्र में अब तक पंजाब का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर सहित खिलाड़ी अच्छे फार्म में हैं जिससे वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है। वहीं दूसरी और अपने घरेलू मैदान पर खेल रही केकेआर का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। उसके गेंदबाज और बल्लेबाज लय में नहीं है , इसके अलावा घरेलू मैदान पर भी उसे अब तक चार में से एक ही मैच में जीत मिली है। पंजाब की टीम ने अब तक पांच मैच जीते हैं और वह अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। वहीं सातवें स्थान पर चल रही केकेआर को प्लेऑफ में बने रहने के लिए छह में से पांच मैच हर हालत में जीतने होंगे। केकेआर के मध्यक्रम के बल्लेबाज आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप लय में नहीं हैं जिससे टीम में बदलाव करना पड़ सकता है। अब वह रोवमैन पॉवेल को उतार सकती है। इस मैच में केकेआर के बल्लेबाजों के के लिए पंजाब के गेंदबाजों अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल का सामना करना आसान नहीं




होगा। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को अब हर मैच में बेहतर खेलना होगा। उन्हें चहल से सावधान रहना होगा। इस मैच में केकेआर की गेंदबाज हर्षित राणा का सामना पंजाब के बल्लेबाज किस प्रकार करते हैं ये देखना होगा। कुल मिलाकर देखा जाये तो मैच में केकेआर को जीत दर्ज करने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

पंजाब किंग्स: श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर, सूर्यांश शेडगे, प्रवीण दुबे, विजयकुमार विशक, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट, विष्णु विनोद, आरोन हार्डी, कुलदीप सेन। हरनूर सिंह, मुशीर खान, प्याला अविनाश।

कोलकाता नाइट राइडर्स : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकरिया।

## विराट कोहली ने रचा इतिहास, बाबर आजम को पीछे छोड़कर हासिल की खास उपलब्धि

बेंगलुरु,(ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में एक और खास उपलब्धि हासिल कर ली है. इसके साथ ही विराट ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है. कोहली ने यह उपलब्धि आईपीएल 2025 के 42वें मुकाबले में हासिल की है, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच खेला जा रहा है।

इस मैच में टॉस हारने के बाद आरसीबी की टीम पहले बल्लेबाजी करने के लिए आई. विराट कोहली ने फिल साल्ट के साथ पारी की शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 6.4 ओवर में 61 रन जोड़े. इसके बाद विराट ने देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 बॉल में 95 रनों की साझेदारी कर डाली. इस दौरान विराट कोहली ने आईपीएल में अपना 60वां अर्धशतक भी लगाया. यह इस सीजन का उनका पांचवां अर्धशतक हैं।

इस अर्धशतक के साथ ही उन्होंने एक खास मुकाम हासिल कर लिया. अब विराट कोहली बाबर आजम को पीछे छोड़कर टी20 क्रिकेट में पहले बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बने गए हैं. उनसे पहले बाबर के नाम यह रिकॉर्ड दर्ज था जिनके नाम 61 पचास प्लस स्कोर दर्ज थे. अब विराट कोहली टी20 में 62 बार पचासा या उससे ज्यादा स्कोर बना चुके हैं।

इस मैच में विराट कोहली ने 32 बॉल में 8 चौकों की सहायता से अपनी हाफ सेंचुरी पूरी की. उन्होंने इस मैच में 82 बॉल में 8 चौके और 2 छक्कों की मदद से 70 रनों की बेहतरीन पारी खेली. उनके अलावा टीम के लिए देवदत्त पडिक्कल ने 27 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों के साथ 50 रनों की पारी खेली. आरसीबी के लिए फिट साल्ट ने 26 और टिम डेविड ने 23 रनों का योगदान दिया जिसकी बदौलत टीम का स्कोर 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 205 तक पहुंच गया. राजस्थान रॉयल्स के लिए संदीप शर्मा ने 2 विकेट लिए जबकि जोफ्रा आर्चर और वानिंदु हसरंगा ने 1-1 विकेट हासिल किया।

## ‘देश मेरे लिए पहले’, अरशद नदीम को भारत बुलाने पर नीरज चोपड़ा ने तोड़ी चुप्पी, बोले- अब सवाल नहीं उठता

नई दिल्ली (ए)। दो बार ओलंपिक में पदक जीत चुके नीरज चोपड़ा ने दुख जताया है कि कुछ लोगों ने उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाए हैं। यह विवाद इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाड़ी अरशद नदीम को 'नीरज



चोपड़ा क्लासिक' प्रतियोगिता में बुलाया था। यह आयोजन 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतिरावा स्टेडियम में होना है।हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चले जाने के बाद यह विवाद और बढ़ गया। नीरज ने कहा कि उन्हें और उनके परिवार को प्रतियोगिता के लिए अरशद को आमंत्रित करने पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। नीरज ने बताया कि अरशद को निमंत्रण हमले से पहले भेजा गया था, और इसका मकसद केवल यही था कि दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों को भारत लाया जाए। क्योंकि अरशद ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं, इसलिए उन्हें बुलाया गया था। लेकिन अब, इस हमले के बाद, अरशद का आना पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है।नीरज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, 卐मैं ज्यादा बोलने वाला व्यक्ति नहीं हूं, लेकिन इसका अर्थ नहीं है कि मैं तब भी नहीं बोलूंगा जब मुझे लगता है कुछ गलत हो रहा है। खासकर जब बात देश के प्रति मेरे प्रेम और मेरे परिवार की इज्जत पर आती है, तो मैं चुप नहीं रह सकता। अरशद को बुलाने के मेरे फैसले पर बहुत नफरत और गालियां मिल रही हैं, यहां तक कि मेरे परिवार को भी निशाना बनाया गया। यह आमंत्रण एक खिलाड़ी की तरफ से दूसरे खिलाड़ी को दिया गया था।

## आईपीएल इतिहास में स्ट्राइक रेट के मामले में टॉप-5 में वेस्टइंडीज मूल के तीन क्रिकेटरों का कब्जा



नई दिल्ली(ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट जो इस सीजन में विराट कोहली के साथ टीम को अच्छी शुरुआत देने में सफल रहे हैं, वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं।अगर हम उन बल्लेबाजों की बात करें जो आईपीएल में बेहतरीन स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाते हैं तो इसमें टॉप-5 में विराट कोहली का नाम नहीं है और न ही किसी भारतीय बल्लेबाज का नाम है। टॉप-5 में वेस्टइंडीज मूल के तीन क्रिकेटर हैं जो वर्तमान में इस सीजन में विभिन्न टीमों के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। चलिए आपको बारी-बारी से उनके बारे में बताते हैं।आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट के मामले में बल्लेबाज फिल साल्ट नंबर-1 पर हैं। हालांकि, साल्ट ने आईपीएल में अभी ज्यादा मैच नहीं खेले हैं। फिल साल्ट 30 मैच की 30 पारियों में 892 रन बनाए हैं। साल्ट का स्ट्राइक रेट 173.54 है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज मूल के क्रिकेटर आंद्रे रसेल हैं जो वर्तमान में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे हैं। रसेल ने 135 मैचों की 11 पारियों में 2539 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 173.19 है। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया मूल के क्रिकेटर ट्रेविस हेड हैं, जिन्होंने आईपीएल के 33 मैच की 33 पारियों में 1014 रन बनाए। हेड का 171.28 स्ट्राइक रेट है। चौथे नंबर पर वेस्टइंडीज मूल के क्रिकेटर निकोलस पूरन हैं, जिन्होंने 85 मैच की 82 पारियों में 2146 रन बनाए। पूरन का स्ट्राइक रेट 168.44 है।पांचवें नंबर पर वेस्टइंडीज मूल के क्रिकेटर सुनील नारायण हैं, जिन्होंने 184 मैच की 117 पारियों में 1681 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 166.76 रहा है। बता दें कि आईपीएल 2025 लगभग अपना आधा सफर पूरा कर चुका है और प्लेऑफ की रेस तेज हो गई है। अंक तालिका पर नजर डाले तो पहले पायदान 12 अंकों के साथ गुजरात टाइटंस की मौजूदगी है। दूसरे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स 12 अंकों के साथ है। तीसरे नंबर पर 10 अंकों के साथ मुंबई इंडियंस है और चौथे नंबर पर 10 अंकों के साथ आरसीबी है।

## आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स को चटाई धूल, विराट कोहली ने बिखेरा जलवा

### जोश हेजलवुड रहे मैच के हीरो

बेंगलुरु,(ए)। आईपीएल 2025 के 42वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रनों से हरा दिया है. इस मैच में बेंगलुरु ने पहले खेलते हुए 5 विकेट खोकर 20 ओवर में 205 रन बनाए और राजस्थान को जीत के लिए 206 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए आरआर की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 194 रन बना पाई और 11 रनों से मैच हार गई. आरसीबी से जीत के लिए मिले 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए आरआर की ओर से यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी क्रीज पर आए. इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी की. वैभव भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में 16 रन के निजी स्कोर पर बोल्ड हो गए. नीतीश राणा ने 28 और रियान पराग ने 22 रन बना पाए. राजस्थान रॉयल्स की ओर से सबसे ज्यादा रन यशस्वी जायसवाल ने बनाए. यशस्वी ने 19 बॉल में 7 चौके और 3 छक्कों के साथ 49 रनों की पारी खेली.जायसवाल के अलावा ध्रुव जुरेल ने 34 बॉल में 47 रनों का योगदान दिया. इस दौरान जुरेल ने 3 चौके और 3 छक्के लगाए. इन दोनों के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज कमाल नहीं दिखा पाया और राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा, आरसीबी की ओर से जोश हेजलवुड ने सबसे ज्यादा विकेट हासिल किए. उन्होंने 4 ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. उनके अलावा क्रुणाल पांड्या ने 2 और भुवनेश्वर कुमार व यश दयाल ने 1-1 विकेट चटकाए।

# किसानों के लिए फसल विविधीकरण, उन्नत तकनीक से निर्मित कृषि यंत्रों से खेती, उर्वरकों का संतुलित उपयोग के बारे में व्यापक जागरुकता अभियान चलाए जाएं : कलेक्टर सोनिया मीना

## कलेक्टर ने उपार्जन, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओ के साथ अन्य विभागीय नवाचारों की समीक्षा की



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें गेहूं उपार्जन प्रक्रिया, कृषि योजनाएं, मृदा परीक्षण और वैज्ञानिक कृषि नवाचारों की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान जिले में चल रही उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा की। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक लगभग 263000 एमटी गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है जिसके से लगभग 246000 एमटी माल का सफल परिवहन किया जा चुका है जिसके विरुद्ध अनुमानित 535 करोड रुपए के भुगतान के लिए ईपीओ तैयार किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित किया कि परिवहन की गति बनाए रखी जाए साथ ही उन्होंने उपायुक्त सहकारिता को भी निर्देश दिए की आवश्यकता पड़ने पर हम्मालों की संख्या बढ़ाई जाए तथा भुगतान के लिए शेष किसानों को भी शीघ्र भुगतान करवाया जाए। उन्होंने जिला उपार्जन समिति के अधिकारियों को निर्देश दिए की उपार्जन केंद्रों पर हो रही गेहूं खरीदी के साथ उपखंड स्तरीय समिति की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिले में कृषि क्षेत्र को सशक्त और उन्नत बनाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को किसानों के लिए फसल विविधीकरण, उन्नत तकनीक से निर्मित कृषि यंत्रों का उपयोग, तथा उर्वरकों के संतुलित प्रयोग के विषय में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि किसानों को नवीन कृषि पद्धतियों से अवगत कराने के लिए किसान खेत पाठशाला का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जाए, ताकि वे आधुनिक खेती की ओर अग्रसर हो सकें।खेत पाठशालाओं के माध्यम से किसानों को नरवाई न जलाने और हानिकारक कीटनाशकों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की संपूर्ण जानकारी दी जाए। साथ ही, पर्यावरण और मिट्टी की सेहत को सुरक्षित रखने के उपाय भी बताएं जाएं। उन्होंने कहा की आत्मा योजना अंतर्गत किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं का भी व्यापक प्रचार प्रसार करवाया जाए। जिससे अधिक से अधिक किसान योजनाओं के लाभ से लाभान्वित हो सके।कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि जे आर हेडाऊ को निर्देशित किया कि प्रमुख फैसले जिनमे धान मक्का सोयाबीन गेहूं आदि की पिछले 5 वर्षों के आंकड़ों की जानकारी प्रस्तुत करें बैठक के दौरान कलेक्टर ने समितियां द्वारा विभाग द्वारा योजनाओं के माध्यम से कृषकों को उपलब्ध करवाए जाने वाले बीज की जानकारी भी ली। उन्होंने जिले में पिछले वर्ष उपयोग किए गए उर्वरक के आंकड़ों की समीक्षा की।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियो द्वारा की गई चाट चौपाटी की जांच



नर्मदापुरम (निप्र)। जनमानस के स्वास्थ्य के दृष्टिगत रखते हुए शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सतत कार्यवाही जारी है। इसके तारतम्य में 25 अप्रैल 2025 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस दियावार एवं जितेन्द्र सिंह राणा द्वारा सिवनी मालवा स्थित चाट चौपाटी की जांच की गई। संदेह होने पर समोसे कचोरी के तीन नमूने जांच हेतु लिए गए जिसे राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।खाद्य सुरक्षा अधिकारियो द्वारा सभी स्ट्रीट खाद्य व्यवसायी को खाद्य पदार्थ को ढक कर रखना, खाद्य पदार्थों को रखने के लिए न्यूज़पेपर का प्रयोग न करने और केप और एप्रन पहनकर खाद्य पदार्थों का निर्माण करने, वैधता तिथि संबंधी दिशा निर्देश प्रदान किए गए। सभी परिसरों को साफ सफाई के निर्देश दिए गए। अजीनोमोटो एवं खाद्य रंग का प्रयोग कम करना है इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा से संबंधित अन्य समझाइश दी गई कि ग्राहक को साफ एवं शुद्ध खाद्य पदार्थों को परोसा जाए जिससे किसी प्रकार की बीमारी या फूड विषाक्तता ना हो। उक्त करवाई सतत जारी रहेगी।

# स्वस्थ गांव समृद्ध समाज, के तहत ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

नर्मदापुरम (निप्र)। ट्राइडेंट ग्रुप की इकाई के अंतर्गत हेल्थ ऑन व्हील मोबाइल एम्बुलेंस द्वारा परियोजना की शुरूआत मधुबन अस्पताल ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन की इकाई के सहयोग से किया जा रहा है। इस पहल के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में उपलब्ध निःशुल्क सेवाएं अनुभवी डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवम परामर्श बीपी शुगर और एचण्बी हीमोग्लोबिन की जांच, दवाईयों का वितरण किया जाएगा। गंभीर मामलों के लिए रेफर एवं मोबाइल एम्बुलेंस की सुविधा रहेगी।ग्रुप के द्वारा आव्हान किया गया है कि खुद भी आएं और अपनों को भी साथ लाएं। एक स्वस्थ गांव की दिशा में यह कदम मिलकर बढ़ाएं। स्वास्थ्य शिविर पीलिकरार में आज 26अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# पंचायती राज दिवस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न, स्वच्छता की ली शपथ

### कश्मीर में हुई दुःखद घटना के लिए कार्यक्रम में सभी ने दो मिनिट का मौन रखकर दी श्रद्धांजंलि




नर्मदापुरम (निप्र) जनपद पंचायत नर्मदापुरम के सभागृह में गत दिवस जिला स्तरीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है क्योंकि 24 अप्रैल 1993 को संविधान के 73 वें संशोधन अधिनियम, 1992 को लागू किया गया था इस संशोधन के माध्यम से पंचायती राज को संवैधानिक मान्यता दी गई थी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन को बढ़ावा दिया गया था। इसी तारतम्य में पूरे जिले में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायती राज दिवस मनाया गया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्रधान मंत्री जी के कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण सभी जगह दिखाया गया। देश का मुख्य समारोह बिहार के मधुबनी जिले में झंझारपुर ब्लॉक के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर देश भर के पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) और ग्राम सभाओं को संबोधित किया और विशेष श्रेणी के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 भी प्रदान किये।नर्मदापुरम के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष राधा पटैल, सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत, जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, जनपद सीईओ हेमंत सूत्रकार जिला पंचायत सदस्य रमेश पटैल, उमेश यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुधीर पटैल, जनपद सदस्य मनोज चौधरी, सुखिया बाई जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी योगेन्द्र राय, जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर ब्लाक समन्वयक रामकुमार गौर सहित जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।कार्यक्रम में जिले में अच्छा कार्य करने वाली पंचायतों के सरपंचों को भी सम्मानित किया।

# बैंक के शाखा प्रबंधक होंगे पैक्स के प्रशासक

नर्मदापुरम (निप्र)जिले की सभी 99 पैक्स में शाखा प्रबंधकों को प्रशासक नियुक्त किया गया है। डिप्टी रजिस्ट्रार सहकारिता द्वारा सह अधिनियम की धारा 49(7) ख के तहत यह नियुक्ति की गई है। हाल ही में सह अधिनियम में हुए संशोधन के अनुसार, पैक्स में बैंक के शाखा प्रबंधक भी प्रशासक नियुक्त किए जा सकते हैं।विभागीय प्रशासक द्वारा अन्य विभागीय कार्यों का निष्पादन, ऑडिट, निरीक्षण और जांच करना, एवं निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन आदि कार्य किए जाएंगे।

# तालाब पर श्रमदान कर जल संरक्षण का दिया संदेश

### चौतलाय गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

नर्मदापुरम (निप्र)। जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत ग्राम चौतलाय में जल संरक्षण को लेकर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सिवनी मालवा द्वारा चयनित नवांकुर संस्था अभ्युदय लोक सेवा संस्थान, सेक्टर क्रमांक 03, धरमकुंडी, सिवनी मालवा के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम चौतलाय के तालाब पर सामूहिक श्रमदान किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम सरपंच रामजीवन साध ने किया। इस अवसर पर संस्थान के सेक्टर प्रभारी राहुल बाथव ने उपस्थित नागरिकों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया और विभिन्न जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी।

# समेरिटंस विद्यालय परिसर में आयोजित सुरों की सरिता में सराबोर हुए संगीत प्रेमी

नर्मदापुरम (निप्र)। हिंदुस्तान आर्ट एंड म्यूजिक सोसायटी हेम्स के कलाकारों की शानदार मनमोहक प्रस्तुति से समेरिटंस विद्यालय परिसर में आयोजित सुरों की सरिता में संगीत प्रेमी सराबोर हुए।पूरी दुनिया में भारतीय कला गीत संगीत गायन और वादन के प्रचार प्रसार का कार्य करने वाली संस्था के चेयरमेन डॉ आशुतोष कुमार शर्मा के संयोजन में उत्कृष्ट आयोजन से नर्मदांचल के संगीत प्रेमी भाव विभोर हो गए। संस्था के 21 वें और अभी तक के 539 वे आयोजन में क्षेत्र तथा बाहर से अए हुए हजारों दर्शक संगीतमयी संध्या में मंत्र मुग्ध हुए।कार्यक्रम के प्रारंभ से पूर्व देवी सरस्वती की पूजन अर्चन व दीप प्रज्जवलन अतिथियों व संस्था के कलाकारों के द्वारा किया गया। इस मौके पर मंच पर संस्था के चेयरमेन डॉ आशुतोष शर्मा, के साथ ही उनकी मां श्रीमती पुष्पावती शर्मा, प्रशांत हर्णे, राकेश फौजदार, संतोष शर्मा, पं भालचंद्र खड्डर, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, तहसीलदार देव शंकर धुर्वे, सहित अनेक अतिथि मौजूद रहे।

### इन कलाकारों ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में विकास बाबू शहनाई, डा सुनीता टिकोरे गायन राजेंद्र सिंह सोलंकी तबला गुरु गजेन्द्र पांडा ओड़िशी, लिली भट्टाचार्य कथक चंदन मंडल संतूर स्वामी नारायण पिल्लई घट्टम और ऋषभ सोनी ने तबला पर अपनी प्रस्तुति दी।

### सरिता सम्मान

पं प्रोसेन जीत पोद्दार का भारतीय संस्कृति सरिता सम्मान से अलंकृत किया गया। इस गीत संगीत से भरी महफिल में समेरिटंस ग्रुप के अनेक विद्यालयों के प्राचार्य स्टाफ सहित शहर के हजारों संगीत प्रेमी मौजूद रहे। संचालन प्रमोद शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन सुमिता द्विवेदी ने किया।

# शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान में आज किया जाएगा शिव अर्चना

सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व के अंतर्गत मई माह में वैशाख पूर्णिमा पर भगवान महाकाल, भगवान विष्णु-लक्ष्मी का विशेष अभिषेक किया जाएगा। शुक्रवार को यहां पर महिला मंडल ने भजन कीर्तन किया और अब शनिवार को मासिक शिव चतुर्दशी पर शिव अर्चना की जाएगी। इस मौके पर समिति के पंडित कुणाल व्यास और मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि वैशाख माह चल रहा है और श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान शिव की अर्चना के साथ ही दस महाविद्या का विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की बैठक का आयोजन 28 अप्रैल को

नर्मदापुरम (निप्र) जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला नर्मदापुरम ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है। संचालक खेल और युवा कल्याण म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार, 15 अप्रैल से 30 जून 2025 के मध्य 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर के आयोजन में समस्त विकासखंड मुख्यालय में कम से कम 2 खेलों के प्रशिक्षण शिविर, लघु जिला मुख्यालय पर 4 खेलों के प्रशिक्षण शिविर, बड़े जिला मुख्यालय पर 8 खेलों के प्रशिक्षण शिविर तथा संभागीय मुख्यालय पर 15 खेलों के प्रशिक्षण शिविर लगाये जाएंगे। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सौजान सिंह रावत की अध्यक्षता में 28 अप्रैल 2025 को प्रातः 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागृह में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के आयोजन की रूपरेखा, अवधि, तिथि, समय, स्थान, प्रशिक्षकों की उपलब्धता आदि पर विचार-विमर्श किया जाएगा।


# तहसील इटारसी के पथरोटा ग्राम में अतिक्रमण हटाकर तालाब गहरीकरण का कार्य प्रारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले भर में रोज नए नए क्रियाकलाप किए जा रहें हैं जिससे कि जल संरचनाओं एवं स्त्रोतो को सहेजा जा सके। इसी क्रम में तहसील इटारसी के अंतर्गत ग्राम पथरोटा में स्थित तालाब से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई के तहत तालाब की जमीन से अवैध कब्जों को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की इस प्रक्रिया के बाद ग्रामीणों द्वारा श्रमदान के माध्यम से तालाब का गहरीकरण कार्य प्रारंभ किया गया। इस सामूहिक प्रयास का उद्देश्य तालाब की जलधारण क्षमता को बढ़ाना और वर्षा जल संरक्षण को सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर तहसीलदार शक्ति तोमर स्वयं उपस्थित रहे और ग्रामवासियों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उनके साथ अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।




# अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण के विरुद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही जारी

## 05 डम्पर, 01 पोकलेन मशीन एवं 01 ट्रेक्टर ट्राली की गई जप्त





नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना से प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज विभाग द्वारा 09 अप्रैल 2025 को ग्राम-जासलपुर, तह0-नर्मदापुरम से 02 डम्पर क्रमांक-RJ09GE1021, डम्पर क्रमांक-MP05G7024, को रेत खनिज के ओव्हरलोड अवैध परिवहन में लिप्त पाये जाने पर जप्त कर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया एवं 12 अप्रैल 2025 को ग्राम-रामगढ़ (लुचगाँव) तह0-सिवनीमालवा से 01 डम्पर क्रमांक-MP47G6645, को रेत खनिज के ओव्हरलोड अवैध परिवहन में लिप्त पाये जाने पर जप्त कर पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया। 17 अप्रैल 2025 को ग्राम-बाबरी, तहसील-सिवनीमालवा से 01 पोकलेन मशीन को रेत खनिज के अवैध उत्खनन में लिप्त पाये जाने पर जप्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा की अभिरक्षा में एवं ग्राम-नवलगाँव, तह0-सिवनीमालवा से 01 जॉनडियर ट्रेक्टर ट्राली को रेत खनिज के अवैध परिवहन में लिप्त पाये जाने पर जप्त कर पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है एवं 24 अप्रैल 2025 को सिवनीमालवा से 02 डम्पर क्रमांक-MP47H0466, डम्पर क्रमांक-MP09D1306, को रेत खनिज के ओव्हरलोड अवैध परिवहन में लिप्त पाये जाने पर जप्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया। उक्त कार्यवाहियों में दिवेश मरकाम जिला खनि अधिकारी, श्रीमती पिंकी चौहान खनि निरीक्षक, कृष्णकांत सिंह परस्ते प्र0 खनि निरीक्षक, हेमन्त राज खनिज सिपाही एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा।उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# महिला स्वसहायता समूह से जुड़कर सुधा बनी ''लखपति दीदी'

हरदा (आरएनएस)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ''लखपति दीदी'' की अवधारणा हरदा जिले में साकार हो रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिला स्वसहायता समूह से जुड़कर जिले के खिरकिया विकासखण्ड के ग्राम बारंगी निवासी सुधा कुल्हारे ''लखपति दीदी'' की श्रेणी में शामिल होकर बहुत खुश है और वह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार प्रकट करती है। श्रीमती कुल्हारे ने बताया कि आजीविका मिशन की मदद से 11 लाख रूपये का ट्रेक्टर, रोटावेटर व कल्टीवेटर उनके जय गणेश आजीविका समूह को मिला। आसपास के गांवों के अनेक किसान उनसे ये कृषि यंत्र व ट्रेक्टर किराये पर ले जाते है और अपने खेतों में चलाकर वापस कर देते है। इस व्यवसाय से समूह की सभी महिलाओं को काफी बचत हो जाती है। ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबन्धक श्री रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि सुधा कुल्हारे की तरह जिले की अन्य महिलाएं भी ट्रेक्टर व कृषि यंत्र किराये पर देकर आत्मनिर्भर बनी हैं और लखपति दीदी बनकर बहुत खुश हैं।

# खेतों में पराली जलाने वाले 21 किसानों से होगी ''पर्यावरण मुआवजा'' की वसूली एसडीएम खिरकिया ने जारी किये आदेश

हरदा (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जिले में नरवाई का जलाना प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टरसिद्धार्थ जैन ने बताया कि इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध धारा 223 के तहत एफ.आई.आर. दर्ज कर दांडिक कार्यवाही व अर्थदण्ड दण्डनीय है। उन्होंने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिरकियाअशोक डेहरिया द्वारा खिरकिया अनुविभाग के कुल 21 किसानों पर खेतों में पराली जलाने के मामले में एनजीटी के निर्देश अनुसार 2500-2500 रूपये पर्यावरण मुआवजा राशि अधिरोपित की गई है। एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया ने बताया कि इनमें से ग्राम धूपकरण निवासी किसान अमर सिंह, हरे सिंह, निलेश, मनोज सिंह और शिव प्रसाद द्वारा पर्यावरण मुआवजा राशि 2500-2500 रुपए जमा भी करा दी गई है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com